दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 13 अक्टूबर-2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 366 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

## देशभर में दशहरा पर्व की धूम



### लाल किला ग्राउंड में हुआ रावण दहन, राष्ट्रपति मुर्मू संग मौजूद रहे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** देश और दुनिया भर में शनिवार को जब भारतीय दशहरा और दुर्गा पूजा मना रहे हैं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक इन त्योहारों पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं । दशहरा समारोह के तहत लाल किले के माधवदास पार्क में रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया गया । इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे ।

राष्ट्रपति मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी शनिवार शाम को दिल्ली में श्री धार्मिक लीला समिति द्वारा आयोजित दशहरा उत्सव में शामिल हुए । यह कार्यक्रम शाम 5.30 बजे शुरू हुआ और पिछले 8 से 10 दिनों से चल रही 101 साल पुरानी रामलीला का समापन बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में तीनों पुतलों के दहन के साथ हुआ ।

राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने दी दशहरे की शुभकामनाएं। इससे पहले, आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को विजयादशमी (दशहरा) की शुभकामनाएं दीं । राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, ₹दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर, मैं भारत और विदेशों में रहने वाले सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं ।




## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दशहरे पर सैनिकों के साथ की शस्त्र पूजा







नई दिल्ली। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने दशहरा के पावन अवसर पर 12 अक्टूबर, 2024 को पश्चिम बंगाल के सुकना सैन्य स्टेशन पर पारंपरिक शस्त्र पूजा की। भारतीय सेना में यह महत्वपूर्ण समारोह राष्ट्र की संप्रभुता के रक्षक के रूप में हथियारों के प्रति सम्मान का प्रतीक है। रक्षा मंत्री ने कलश पूजा के साथ अनुष्ठान प्रारंभ किया, उसके बाद शस्त्र पूजा और वाहन पूजा की। उन्होंने अत्याधुनिक पैदल सेना, तोपखाने और संचार प्रणालियों, गतिशीलता प्लेटफार्मों और ड्रोन प्रणालियों सहित कई आधुनिक सैन्य उपकरणों की भी पूजा की। रक्षा मंत्री की सैनिकों के साथ बातचीत के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ।

अपने संबोधन में श्री राजनाथ सिंह ने सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखने में सशस्त्र बलों की सतर्कता और महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और सैनिकों में मानवीय मूल्यों के प्रति समान सम्मान है।

रक्षा मंत्री ने कहा, भारत ने कभी भी किसी देश पर घृणा अथवा द्वेष के कारण आक्रमण नहीं किया है। हम तभी लड़ते हैं जब कोई हमारी अखंडता और संप्रभुता का अपमान करता है अथवा उसे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है; जब धर्म, सत्य और मानवीय मूल्यों के विरूद्ध युद्ध छेड़ा जाता है, यही हमें विरासत में मिला है। हम इस विरासत को संरक्षित करना जारी रखेंगे। हालांकि, यदि हमारे हितों को खतरा है तो हम बड़ा कदम उठाने में संकोच नहीं करेंगे। शस्त्र पूजा एक स्पष्ट संकेत है कि अगर आवश्यकता हुई तो हथियारों/उपकरणों का पूरी ताकत से उपयोग किया जाएगा।

शक्ति, सफलता और सुरक्षा के लिए आशीर्वाद मांगने के लिए किए जाने वाले अनुष्ठान दशहरा की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्ता को दशार्ता है। ये देश की सुरक्षा में हथियार प्रणालियों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हैं। वे राष्ट्र की रक्षा के लिए सशस्त्र बलों की तैयारी, संकल्प और अटूट समर्पण का प्रतीक हैं। यह समारोह भारतीय सेना की परंपरा और आधुनिकीकरण के मिश्रण को दशार्ता है जिसमें भारत की संप्रभुता को बनाए रखने और स्वदेशी रक्षा प्रणालियों और प्लेटफार्मों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

इस कार्यक्रम में थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, मनोनीत रक्षा सचिव श्री आरके सिंह, पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल राम चंद्र तिवारी, सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन, त्रिशक्ति कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल जुबिन ए मिनवाला और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 अक्टूबर को करेंगे रीवा एयरपोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 21 अक्टूबर को मध्य प्रदेश के रीवा जिले में नए एयरपोर्ट का वर्चुअली रूप से उद्घाटन करेंगे। मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने शनिवार को आईएएनएस को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से रीवा एयरपोर्ट के अलावा देश के कई अन्य एयरपोर्ट का भी उद्घाटन करेंगे।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित कई अन्य कैबिनेट मंत्री रीवा एयरपोर्ट पर मौजूद रहेंगे। एमपी के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला ने कहा, हमने एयरपोर्ट के उद्घाटन में शामिल होने के लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी आमंत्रित किया है, जिनके कार्यकाल में एयरपोर्ट की आधारशिला रखी गई थी। दरअसल, रीवा एयरपोर्ट मध्य प्रदेश के विंध्य क्षेत्र का पहला हवाई अड्डा है। हवाई पट्टी पिछले कई दशकों से इस क्षेत्र में मौजूद है और एयरपोर्ट का विकास कार्य लगभग तीन साल पहले शुरू हुआ था। रीवा से ताल्लुक रखने वाले उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला साल 2014 से शहर में एयरपोर्ट के निर्माण के लिए भोपाल से नई दिल्ली (भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण) के चक्कर लगा रहे थे, अब जाकर उनका यह सपना साकार हो पाया है। उन्होंने एयरपोर्ट की जानकारी देते हुए कहा, रीवा हवाई अड्डा विंध्य क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है। इसमें 72 सीटों वाले विमानों के उतरने की सुविधा होगी। यह एयरपोर्ट विंध्य क्षेत्र में पर्यटन के साथ-साथ चिकित्सा, इंजीनियरिंग, शिक्षा, व्यापार और उद्योगों को भी बढ़ावा देगा। रीवा एयरपोर्ट का उद्घाटन होते ही प्रदेश में हवाई अड्डों की संख्या छह हो जाएगी। इससे पहले भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और खजुराहो में एयरपोर्ट मौजूद है। शुक्रवार को डिप्टी सीएम ने एयरपोर्ट के उद्घाटन की तैयारियों की समीक्षा की थी और उन्होंने कार्यक्रम के लिए संबंधित अधिकारियों को उचित निर्देश दिए थे।

## गुजरात के मेहसाणा में हादसा, 7 मजदूरों की मौत, एक को जिंदा निकाला, 2 की तलाश जारी

**गुजरात।** गुजरात के मेहसाणा जिले में शनिवार को टैंक खोद रहे मजदूरों पर मिट्टी गिर गई। हादसे में 7 मजदूरों की मौत हो गई। 19 साल के लड़के को जिंदा बचा लिया गया। हादसा मेहसाणा से लगभग 37 किमी दूर जासलपुर गांव के पास हुआ। पुलिस ने बताया कि जासलपुर गांव में एक फैक्ट्री के लिए कई मजदूर अंडरग्राउंड टैंक खोद रहे थे, तभी मिट्टी धंस गई। 7 मजदूरों के शव बरामद कर लिए गए हैं। दो से तीन मजदूरों के अभी भी मिट्टी में दबे होने की आशंका है। बचाव अभियान जारी है। स्टील आईनॉक्स स्टेनलेस प्राइवेट लिमिटेड में हादसे के बाद जेसीबी की मदद से मिट्टी हटाई जा रही है। कंपनी में अभी कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। जब मजदूर टैंक खोद रहे थे, तब अचानक मिट्टी गिरी। मौके पर 5 एम्बुलेंस, पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौजूद है।



निजी कंपनी के थे मजदूर मेहसाणा जिले के एसपी डॉ. तरूण दुग्गल ने बताया कि कादी के गांव में नई कंपनी का निर्माण कार्य चल रहा था, तभी हादसा हुआ। सभी टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हैं। मजदूर किसी निजी कंपनी के बताए गए हैं। प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं। हादसे की जांच की जा रही है। मेहसाणा की जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) डॉ. हसरत जैस्मिन ने बताया कि हादसा दोपहर करीब 12.45 बजे हुआ। हमारी जानकारी के अनुसार वहां 9-10 लोग फंसे हुए थे, जिनमें से 7 के शव मिल गए हैं। 19 साल के एक लड़के को जिंदा बचा लिया गया है। उसके बयान के मुताबिक, 8-9 लोग यहां काम कर रहे थे। इनमें दो महिलाएं हैं। 2-3 लोग अभी भी फंसे हुए हैं।
प्रधानमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख की मदद पीएम नरेंद्र मोदी ने घटना पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन प्रभावितों की हरसंभव मदद करेगा। प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की मदद का ऐलान किया गया है।

# व्हाट्सएप ग्रुप में सीएम को जान से मारने की धमकी

## लिखा- भाजपा तीसरी बार आई तो मुख्यमंत्री को मारूंगा गोली

**हरियाणा।** हरियाणा में मुख्यमंत्री पद के शपथ ग्रहण समारोह से पहले ही जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। जींद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है। आरोपी ने कहा कि उसने नशे में व्हाट्सऐप ग्रुप पर यह बात लिखी थी, बाद में मैसेज डिलीट भी कर दिया था।




पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। जुलाना थाना पुलिस को दी शिकायत में गांव रामकली निवासी महताब सिंह ने बताया कि जुलाना हलके के नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। यह ग्रुप जुलाना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीतीं विनेश फोगाट के पति सोमबीर राठी के नाम से बनाया गया है। महताब सिंह ने बताया कि आठ अक्तूबर को जब चुनाव परिणाम आए थे, शाम को चार बजे के आसपास किसी ने जुलाना हलका के नाम से बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप में यह शब्द लिखे। इसके बाद आरोपी ने इस मैसेज को डिलीट कर दिया। जुलाना थाना प्रभारी मुरारीलाल ने बताया कि महताब सिंह ने शिकायत दी थी। शिकायत के बाद जांच की गई तो पता चला कि गांव देवरड़ निवासी अजमेर ने यह धमकी भरा मैसेज डाला था। इसमें लिखा था कि 'अगर हरियाणा में भाजपा तीसरी बार आ गई, तो जो भी मुख्यमंत्री बनेगा, उसको गोली मैं मारूंगा। वही बात होगी, जिस तरह से महात्मा गांधी को गोडसे ने मारी थी'।

पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी से जब पूछताछ की गई तो उसने कहा कि उसने शराब के नशे में ऐसा ग्रुप पर लिख दिया था। होश में आने के बाद उसे अपनी गलती महसूस हुई। उसके बाद मैसेज को डिलीट भी कर दिया।

## न्यूज डायरी

### यति नरसिंहानंद की टिप्पणी के बाद जुमे की नमाज को लेकर रही चौकसी, त्योहारों पर रहेगा अलर्ट



**मेरठ।** यति नरसिंहानंद की विवादित टिप्पणी के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट है। जुमे की नमाज को लेकर भी पुलिस प्रशासन दिन भर अलर्ट रहा। गुरुवार को ही एसएसपी ने स्पष्ट कर दिया था कि जो भी माहौल खराब करने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर होने वाली पोस्ट पर भी नजर रखी जा रही है। इंटेलीजेंस भी अपनी रिपोर्ट तैयार कर रहा है। जुमे की नमाज के मद्देनजर सभी मस्जिदों के बाहर और मिश्रित आबादी वाली जगह पर शुक्रवार को पुलिस फोर्स तैनात रहा। शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान यति नरसिंहानंद की टिप्पणी को लेकर कोई माहौल खराब न हो इसलिए इंटेलीजेंस को भी अलर्ट कर दिया गया। 13 अक्तूबर को गाजियाबाद डासना में यति नरसिंहानंद के पक्ष में होने वाली महापंचायत को लेकर भी अलर्ट किया गया है। वहीं, सिवालखास में एसडीएम कमल किशोर और एडीएम प्रशासन बलराम सिंह ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाने की अपील की।
**चेकिंग अभियान चलाया** : दशहरा और नवरात्रि के मद्देनजरपुलि, एलआईयू और डॉग स्क्वायड ने चेकिंग अभियान चलाया। रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, सराफा बाजार समेत विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाकर तलाशी ली गई। एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा का कहना है कि शहर में माहौल खराब करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। त्योहारों के मद्देनजर पुलिसकर्मियों और सीओ को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

### दिल्ली में ओडिशा की महिला से हैवानियत, दुष्कर्म के बाद पीड़िता को सराय काले खां में फेंका

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के सराय काले खां में शुक्रवार सुबह एक युवती के साथ दुष्कर्म कर उसे सड़क किनारे फेंकने का मामला सामने आया है। युवती को गंभीर हालत में एम्स अस्पताल में भर्ती किया गया है। नौ सेना के अधिकारी ने पीड़िता को सड़क किनारे पड़ा देखा। उसके बाद पुलिस को सूचना के देने के साथ ही उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने युवती का मेडिकल कराने के बाद दुष्कर्म सहित कई धाराओं में एफआईआर दर्ज किया है। फिलहाल आरोपियों की पहचान की कोशिश की जा रही है।



पुलिस अधिकारी ने बताया की शुक्रवार सुबह एक राहगीर ने पुलिस को युवती के घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना दी। पीसीआर की टीम मौके पर पहुंची और युवती अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां जांच में युवती के निजी अंग से खून आने की जानकारी हुई। जांच के दौरान पता चला कि युवती मूलरूप से ओडिशा की रहने वाली है। करीब एक साल पहले बिना घर वालों को बताएं दिल्ली आ गई थी। करीब दो महीने पहले वह कटवरिया सराय में पुलिस को मिली थी। तब उसके परिजनों को सूचना दी गई थी, लेकिन वह अपने परिवार वालों के साथ नहीं गई। बाद में उसका मोबाइल गुम हो गया या चोरी हो गया। उसके बाद वह न तो पुलिस के संपर्क में रह सकी न ही परिवार वालों के संपर्क में थी। वह कभी एटीएम के बाहर तो कभी कहीं सो जाती थी। शुक्रवार सुबह वह घायल हालत में सराय काले खां में मिली। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक जांच में मामला दुष्कर्म का लग रहा है।

# झारखंड में कब होगा सीटों का बंटवारा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने किया बड़ा खुलासा

**झारखण्ड।** झारखंड में आगामी कुछ महीनों में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने ये भी बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी इसी महीने राज्य के दौरे पर आएंगे। झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा, सीटों के बंटवारे पर अभी कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। सीएम दिल्ली में थे, उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सरकार की उपलब्धियों के साथ-साथ सीट बंटवारे पर भी चर्चा की। लेकिन अंतिम फैसला मिल-बैठकर ही किया जाएगा।



### 'हरियाणा में जो हुआ, वह झारखंड में नहीं दोहराया जाएगा'

झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि हरियाणा में जो हुआ, वह झारखंड में नहीं दोहराया जाएगा। झारखंड की जनता जागरूक है। राज्य में गठबंधन सरकार की उपलब्धियों से लोग खुश हैं। हालांकि उन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता की घोषणा के बाद गठबंधन सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे पर फैसला लिया जाएगा।

### जनवरी में खत्म हो रहा विधानसभा का कार्यकाल

झारखंड में विधानसभा के लिए चुनाव इस साल होने हैं क्योंकि मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी, 2025 को समाप्त हो रहा है। वहीं पत्रकारों से बात करते हुए केश महतो ने कहा, आदर्श आचार संहिता की घोषणा के बाद गठबंधन सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे पर फैसला चर्चा के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी गठबंधन सहयोगी एकजुट हैं और यहां झामुमो के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के साथ हैं।

### इस महीने रांची के दौरे पर आएंगे राहुल गांधी

झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने यह भी बताया कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस महीने रांची का दौरा करेंगे। हालांकि राहुल गांधी के दौरे की तारीख अभी तक तय नहीं हुई है।

## यूपी के मथुरा में नहीं किया जाता पुतला दहन, धूमधाम से की जाती है रावण की पूजा

**मथुरा।** विजयादशमी के अवसर पर शनिवार को देशभर में रावण का पुतला दहन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के मथुरा में एक अलग ही परंपरा है। यहां लोग इस सबसे हटकर अलग कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। खास बात यह है कि मथुरा यमुना पार थाना क्षेत्र के महादेव शिव मंदिर में सारस्वत ब्राह्मण समाज द्वारा लंकापति रावण की विधि-विधान से पूजा की गई। रावण भक्तों ने कहा कि हिंदू संस्कृति के अनुसार एक व्यक्ति का अंतिम संस्कार एक बार ही होता है और हमारे भगवान रावण का बार-बार दहन किया जाना गलत है। हम इसके खिलाफ हैं। हां, रावण दहन नहीं बल्कि राम और रावण की लीलाओं का मंचन होना चाहिए। रावण दहन से प्रदूषण भी होता है और कई जगहों पर रावण दहन के दौरान बड़ी घटनाएं भी हो जाती हैं। अधिवक्ता ओमवीर सारस्वत ने आईएएनएस को बताया कि भगवान श्रीराम ने लंका विजय से पहले रावण को अपना आचार्य बनाया था। लंका पर विजय पाने के लिए उन्होंने महादेव जी की स्थापना की थी और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया था। उस समय भगवान श्रीराम ने रावण को अपना आचार्य बनाकर एक तरह का सम्मान दिया था। जो सम्मान आज हमारा समाज रावण को नहीं दे रहा है। इसी कारण मथुरा में रावण की पूजा की जाती है। दशानन के वंशज उनकी विशेष पूजा करते हैं। हमारा उद्देश्य सिर्फ इतना है कि रावण का पुतला न जलाया जाए। राम और रावण के बीच युद्ध हो। उसका मंचन हो। उनके गुणों का वर्णन हो। उन्होंने कहा कि इस दुनिया में रावण जैसा कोई विद्वान नहीं है। अगर कोई विद्वान या ब्राह्मण का पुतला जलाता है तो यह ब्रह्म दोष है। ब्रह्म हत्या का दोषी होता है। समाज को ऐसा नहीं करना चाहिए।



# जिनेवा में 149वीं अंतर संसदीय संघ की बैठक में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करेंगे लोकसभा अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 13 से 17 अक्टूबर तक जिनेवा में आयोजित हो रही 149वीं अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) सभा में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करेंगे। भारतीय शिष्टमंडल में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के अलावा सांसद भर्तृहरि महताब, अनुराग सिंह ठाकुर, राजीव शुक्ला, विष्णु दयाल राम, अपराजिता सारंगी, डॉ. सस्मित पात्रा और ममता मोहंता भी शामिल होंगे। लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह और राज्य सभा महासचिव पी. सी. मोदी भी भारत के संसदीय शिष्टमंडल का हिस्सा होंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अंतर संसदीय संघ में निर्णय लेने वाले उच्चतम निकाय, अंतर संसदीय संघ की शासी परिषद की बैठकों में हिस्सा लेंगे। वह 'शांतिपूर्ण और सुरक्षित भविष्य के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का उपयोग' विषय पर सभा को संबोधित भी करेंगे। बिरला सभा में भाग लेने के साथ ही अन्य देशों की संसदों के समकक्ष पीठासीन अधिकारियों से मुलाकात भी करेंगे। इसके अलावा, वह 14 अक्तूबर को जिनेवा में भारतीय प्रवासी समुदाय को संबोधित भी करेंगे। भारतीय संसदीय शिष्टमंडल के सदस्य इस सम्मेलन के दौरान आईपीयू की कार्यकारी समिति, चार स्थायी समितियों की बैठकों के साथ ही इसके कार्य सत्रों और विभिन्न अन्य बैठकों में भाग लेंगे। आपको बता दें कि, आईपीयू में 180 सदस्य संसद और 15 सहयोगी सदस्य हैं। इस संगठन में भारत, चीन और इंडोनेशिया जैसे बड़े देशों के साथ-साथ काबो वर्डे, सैन मैरिनो और पलाऊ जैसे छोटे देशों की संसद भी शामिल हैं।



# श्रीनगर से शुरू हुई वायु वीर विजेता कार रैली, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दिखाई हरी झंडी दिखाई

**जम्मू।** उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा ने उत्तराखंड युद्ध स्मारक के दिग्गजों के समन्वय में भारतीय वायु सेना द्वारा आयोजित वायु वीर विजेता कार रैली को हरी झंडी दिखाई। उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा ने उत्तराखंड युद्ध स्मारक के दिग्गजों के समन्वय में भारतीय वायु सेना द्वारा आयोजित वायु वीर विजेता कार रैली को हरी झंडी दिखाई। उपराज्यपाल ने कहा, भारतीय वायुसेना के पास वीरता, साहस और बलिदान की गौरवशाली विरासत है। कठिन परिस्थितियों में राष्ट्र और उसके लोगों की सेवा करना भारतीय वायुसेना के डीएनए में है। उपराज्यपाल ने युद्ध, बचाव कार्यों और प्राकृतिक आपदाओं के समय वायुसेना द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की भी सराहना की। रास्ते में वायु योद्धा विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में स्थानीय युवाओं को संबोधित करेंगे और उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करेंगे। भारत को सर्वांगीण प्रगति और समृद्धि की ओर तेजी से आगे बढ़ने में सक्षम बनाने के लिए अधिक सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्र सशस्त्र बलों का आभारी है। उन्होंने आगे बताया कि पिछले 10 वर्षों में माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सीमावर्ती क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को मजबूत किया गया है। इससे पहले, भारतीय वायुसेना की 92वीं वर्षगांठ के अवसर पर, माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, नई दिल्ली से वायु वीर विजेता कार रैली को गर्मजोशी से विदाई दी। भारतीय वायुसेना का एडवेंचर सेल रैली का नेतृत्व और समन्वय कर रहा है। लद्दाख के थोईस से अरुणाचल प्रदेश के तवांग तक कुल 7,000 किलोमीटर की दूरी तय करने वाले अभियान पर निकले 50 से अधिक वायु योद्धा लोगों में भारतीय वायुसेना के गौरवशाली इतिहास के बारे में जागरूकता फैलाएंगे और युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करेंगे।



# 'एलजी महिलाओं के यौन शोषण करने वालों का कर रहे संरक्षण' आप सांसद संजय सिंह का बड़ा आरोप

**नई दिल्ली।** प्रेस कॉन्फ्रेंस में संजय सिंह ने कहा कि भजापा के एलजी के संरक्षण में एक महिला डॉक्टर का शोषण पिछले डेढ़ साल से हो रहा है। एलजी साहब शोषण करने वाले चिकित्सा अधीक्षक को बचा रहे हैं और पीड़ित महिला के खिलाफ जांच करा रहे हैं। आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आज दिल्ली के उपराज्यपाल पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि भजापा के एलजी के संरक्षण में एक महिला डॉक्टर का शोषण पिछले डेढ़ साल से हो रहा है। एलजी साहब शोषण करने वाले चिकित्सा अधीक्षक को बचा रहे हैं और पीड़ित महिला के खिलाफ जांच करा रहे हैं। केंद्र सरकार ने इसलिए ही एलजी साहब को ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार दिया है कि वह महिलाओं को प्रताड़ित करने वाले अधिकारियों का संरक्षण कर सकें।




संरक्षण में एक महिला डॉक्टर का शोषण पिछले डेढ़ साल से हो रहा है। छत्रृ साहब शोषण करने वाले टर को बचा रहे हैं और पीड़ित महिला के खिलाफ जांच करा रहे हैं।

### 'एलजी साहब महिलाओं के यौन शोषण करने वालों का कर रहे संरक्षण'

संजय सिंह ने कहा, 'इस मामले में जांच के लिये 4 महीने बाद आंतरिक जांच समिति बनाई जाती है। जिस पीड़ित महिला ने अपने यौन शोषण की शिकायत की और सबूत दिए तो उसी महिला डॉक्टर के खिलाफ जांच शुरू कर दी। तमाम प्रताड़नाओं के बाद भी महिला झुकी नहीं और समिति के सामने सबूत रखे। मई महीने के दौरान जांच में यौन शोषण के आरोप सही पाये गये। लेकिन एलजी ने आरोपी एमएस के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया। क्या भाजपा ने अपने एलजी और स्वास्थ्य सचिव दीपक कुमार को केवल इसलिए बिठा रखा है कि वह महिला डॉक्टर का यौन शोषण करने वाले टर को बचाएं?'

संजय सिंह ने कहा कि एलजी क्या कोलकाता जैसी घटना का इंतजार कर रहे हैं? जिस एमएस पर अभी यौन शोषण के आरोप लगे हैं, उसके ऊपर और भी यौन शोषण करने के आरोप हैं। एलजी और स्वास्थ्य सचिव दीपक कुमार उसे बचा रहे हैं। पीड़ित महिला ने जब एमएस पर यौन शोषण के आरोप लगाए तब महिला का ही ट्रांसफर कर दिया गया।

# 100 रुपये के नोट का नंबर बताकर तस्कर करते रहे कोकीन सप्लाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली से भारी मात्रा में बरामद कोकीन सिर्फ 100 रुपये के नोट का नंबर बताकर एक से दूसरी जगह पहुंचाई जा रही थी। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के सूत्रों का कहना है कि कोकीन की सप्लाई के लिए 100 रुपये के एक नोट के नंबर को कोडवर्ड रखा गया था। कोकीन से जुड़े हर आरोपी को इस नोट का नंबर बताना होता था। आरबीआई से नंबर की जांच कराने पर नोट की जानकारी मिली। वहीं, महिपालपुर में बरामद 5000 करोड़ की कोकीन के आरोपी तुषार गोयल ने पुलिस को बताया है कि वह इससे पहले 100 किलो कोकीन मंगाकर भारत में खपा चुका है।

इधर, रमेश नगर से बरामद 2000 करोड़ की कोकीन का आरोपी अखलाक हापुड़ और सैफी चेन्नई के रहने वाले हैं। सैफी आलू का थोक विक्रेता है। आलू के व्यापार के दौरान ही उसकी अखलाक से मुलाकात हुई थी। रमेश नगर से बरामद खेप का मुख्य सूत्रधार सैफी है। अखलाक सैफी के लिए मादक पदार्थ रखने के लिए गोदाम और एक से दूसरी जगह ले जाने के लिए कारों का इंतजाम करता था। इसके एवज में सैफी उसे 5 से 10 हजार रुपये देता था। गाजियाबाद व हापुड़ में गोदामों का इंतजाम इसी ने करवाया था।





### ऐसे पैक कर लाई गई कोकीन

- 100 किलो कोकीन – हल्दीराम के भुजिया पैकेट में पैक करके सप्लाई की गई थी। इसका अभी तक पता नहीं लगा है। तुषार ने पूछताछ में इस खेप के भारत में सप्लाई होने का खुलासा किया है।
- 565 किलो कोकीन– महिपालपुर स्थित गोदाम से खाद के कट्टों में बरामद की गई थी।
- 208 किलो कोकीन– ये टेस्टी ट्रिट के पैकेटों में पैक थी। रमेश नगर स्थित गोदाम से बरामद की गई।
- 10 किलो– पंजाब से पकड़े गए जस्सी के कब्जे से कोकीन पकड़ी गई थी। ये उसके पिट्ठू बैग में थी।

### जस्सी व सविंदर एक-दूसरे को नहीं जानते थे

महिपालपुर व रमेश नगर से बरामद कोकीन की खेप एक ही सरगना ने भारत भेजी है। भारत में आकर ये अलग-अलग रखी गई थी। इस पर नजर रखने के लिए गिरोह सरगना ने लंदन से जितेंद्र और सविंदर को भेजा था। जितेंद्र को महिपालपुर और सविंदर को रमेश नंबर की कोकीन पर नजर रखनी थी। पहले दोनों एक-दूसरे को नहीं जानते थे। भारत में ही इनकी पहचान हुई थी।

### एमपी में गाड़ी उपलब्ध करवाई थी

मध्यप्रदेश की सागर पुलिस ने मो. सैफी को मादक पदार्थों के साथ कुछ साल पहले पकड़ा था। उस समय भी उसे गाड़ी अखलाक ने उपलब्ध कराई थी। उस समय भी मादक पदार्थों को रखने के लिए जगह बताई गई थी।

### अब तक सात गिरफ्तार

महिपालपुर मामले में वसंत एंक्लेव निवासी तुषार गोयल, हिंद विहार प्रेम नगर, किराड़ी निवासी हिमांशु कुमार, छोटी रार, देवरिया यूपी निवासी औरंगजेब सिद्दीकी, पश्चिमी मुंबई निवासी भरत कुमार, जितेंद्र गिल उर्फ जस्सी। रमेश नगर मामले में चेन्नई निवासी मोहम्मद सैफी व हापुड़ यूपी निवासी अखलाक।

अपराध शाखा के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त संजय भाटिया के अनुसार, इंस्पेक्टर रामपाल की टीम दिल्ली-एनसीआर में मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर नजर रख रही थी। 27 सितंबर को सूचना मिलने के बाद सनलाइट कॉलोनी से जोशुआ अमरचुकवा व श्रीनिवासपुरी निवासी विनीत को गिरफ्तार किया गया। जोशुआ की तलाशी में 257 ग्राम कोकीन मिली। उसने बताया कि माइक ने उसे कोकीन दी थी। वह इसे दिल्ली-एनसीआर में बेचता था। विनीत हर सौदे में उसके साथ रहता है। इसके बाद जोशुआ की निशानदेही पर माइक को सेक्टर-33, सोहना से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 306 ग्राम कोकीन बरामद की गई।

जोशुआ 2021 में मेडिकल वीजा पर भारत आया था और सनलाइट कॉलोनी में रह रहा था। आसानी से पैसे कमाने के लिए वह विकासपुरी में माइक के संपर्क में आया। माइक ने उससे वादा किया कि अगर वह उसके लिए काम करेगा तो वह आर्थिक मदद करेगा। माइक उसे मांग के अनुसार ग्राहकों के पास भेजता था। माइक उसे हर सप्लाई पर 1000 रुपये देता था। कुछ महीने पहले उसकी मुलाकात विनीत से हुई थी। वहीं, माइक बिजनेस वीजा पर दो महीने पहले नाइजीरिया से दो किलो कोकीन लेकर आया था। वह केवल परिचितों को कोकीन बेचता था।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...




 ● नई दिल्ली। रविवार 13 अक्टूबर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

# भीषण युद्ध के बाद हुई सत्य की विजय, लगे जय श्रीराम के नारे

## इधर अतुल गर्ग ने दबाया रिमोट का बटन और होने लगा रावण के पुतले का दहन

### कवि नगर और घंटाघर रामलीला मैदान में हुआ विजयादशमी महोत्सव का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार को विजयदशमी के पर्व पर शहर की सभी प्रमुख रामलीलाओं में जैसे ही भगवान राम ने रावण का वध किया, तो उसके बाद आए अतिथियों ने अलग-अलग पुतलों का दहन किया। पुतले दहन होते ही भगवान श्रीराम के जयघोष के नारे लगने लगे। वहीं कवि नगर स्थित श्रीधार्मिक रामलीला समिति में स्थानीय सांसद अतुल गर्ग, विधायक अजीत पाल त्यागी, पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र, जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना, डीसीपी सिटी राजेश कुमार व रामलीला समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल व भूपेंद्र चोपड़ा इस अवसर पर मौजूद रहे। जैसे ही सांसद अतुल गर्ग ने रिमोट से बटन दबाया तो रावण का पुतला जल उठा। इसी के साथ रामलीला मैदान में जय श्रीराम के नारों की गूंज सुनाई दी। लोगों ने बुराई पर अच्छाई की जीत के पर्व के अवसर पर एक दूसरे को शुभकामना दी। तो पुलिस कमिश्नर ने कुंभकरण के पुतले का दहन किया।

इस दौरान श्रीधार्मिक रामलीला समिति कवि नगर के पदाधिकारियों ने आए अतिथियों का पटका पहनकर स्वागत करते हुए, उन्हें प्रतीक चिन्ह भी भेंट किए।

कवि नगर रामलीला मैदान का दहन सबसे पहले हुआ। इसके बाद घंटाघर स्थित शहर की सबसे पुरानी रामलीला में कुंभकरण, मेघनाथ और रावण के पुतला दहन किया गया। तो वहीं सेक्टर- 23 की रामलीला और राजनगर में भी एक के बाद एक पुतले का दहन किया गया।















### घंटाघर और कवि नगर दोनों ही रामलीला में अतुल गर्ग ने दहन किया रावण



करंट क्राइम : शनिवार को दशहरे के अवसर पर शहर की दोनों प्रमुख रामलीलाओं में रावण के पुतले का दहन सांसद अतुल गर्ग द्वारा किया गया। पहले उन्होंने कवि नगर स्थित श्रीधार्मिक रामलीला समिति में रावण के पुतले का रिमोट कंट्रोल के माध्यम से दहन किया। तो वहीं रात को उन्होंने घंटाघर स्थित सुल्लामल रामलीला समिति के आयोजन में अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज कराई और रावण के पुतले का दहन किया। दोनों ही शहर की प्रमुख रामलीला मानी जाती हैं, जहां रावण के पुतले का दहन सांसद अतुल गर्ग के द्वारा ही किया गया।



### धूं-धूं कर जले पुतले, लगे जय श्रीराम के नारे

करंट क्राइम : शनिवार को जैसे ही लोग दशहरे पर्व पर रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों को आग के हवाले किया गया, तो वह धूं-धूं कर के जलने लगे। जैसे ही बुराई पर अच्छाई के पर्व के अवसर पर यह पुतले दहन किए गए, तो लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाये। इस दौरान मेला देखने आए लोगों ने रावण दहन की तस्वीरों को अपने मोबाइल और सोशल मीडिया पर भी शेयर करने का काम किया।

### देर रात तक गुलजार रहे रामलीला मैदान, पुलिस भी रही तैनात

करंट क्राइम : शनिवार को दशहरे पर्व के चलते कवि नगर रामलीला मैदान, राजनगर, घंटाघर रामलीला मैदान, राज नगर एक्सटेंशन से लेकर इंदिरापुरम और साहिबाबाद तक के रामलीला मैदानों में लोगों की भीड़ देखने को मिली। पुतला दहन होने के बाद लोग रामलीला मेले के आयोजन और आनंद को भी ले रहे थे। इस दौरान खाने-पीने के स्टॉल से लेकर अलग-अलग काउंटरों पर भीड़ भी देखने को मिली। वहीं सुरक्षा के लिए सभी रामलीला मैदानों में बड़ी संख्या में पुलिस बल और यातायात पुलिस की तैनाती भी देखने को मिली।

# हो गई मिस्टेक जब मौजूदा जनप्रतिनिधि का सम्मान प्रतीक ले गये पूर्व मंत्री!

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कहने को ये शहर की सबसे पुरानी रामलीला है मगर मिस मैनेजमेंट का गदर पुराने शहर की इसी रामलीला में मचता है। करोड़ो रूपये उगाहने वाली रामलीला मगर इंतजाम एकदम ढीला। मंचन से ज्यादा फोकस अपने अपने वीआईपी गेस्ट को मंच पर कंचन की तरह चमकाने पर। राम को वनवास हो या सीता का हरण हो मगर पूरा ध्यान इस बात पर कि वीआईपी की खातिरदारी पूरी हो। एक रामलीला में एक ही रात करामात हो गई। बताते हैं कि एक राम वालें ने पूरी केयर से प्रथम नागरिक को बुलाया।



एक ने सबकी नालेज में लाकर कालेज वाले विधायक जी को सबसे आगे बिठाया। एक ने गंभीरता के साथ एडीएम साहब न्यौत लिये और पुराने कांग्रेसी शिजरे वाले ने कांग्रेस के पूर्व मंत्री को इन्वाइट कर लिया। अब मेहमान आयें हैं तो सम्मान होना चाहिये। वो और रामलीला होंगी जहां सैकड़ो सम्मान प्रतीक रखे जाते हैं।

मोमेंटो अस्सी मंगाये या नब्बे मंगाये ये तो बब्बे को पता होगा लेकिन परदे के पीछे वालों को पता था कि अजी सौ नही केवल दो ही मंगाये थे और वीआईपी गेस्ट आ गये चार। पहले मोमेंटो को फुल केयर के साथ प्रथम नागरिक को दिया गया और दूसरा मोमेंटो कालेज वाले विधायक जी को दिया गया। अब प्रथम नागरिक को क्या पता था कि रामलीला वाले मोमेंटो की केयर करनी हैवर्ना ये किसी और का हो जायेगा। इसी बीच मौका पाते ही हाथ वाले पूर्व मंत्री का स्वागत हुया और उनके हाथ में कमेटी वालों ने वो मोमेंटो दिया जो किसी ने केयर से रख दिया था। बताते हैं कि जब प्रथम नागरिक चलने को हुई तो उन्होने सम्मान वाली शाल उठाई और सम्मान प्रतीक देखा तो वो गायब। अब उनके ताप से मंच गरमाने लगा। तभी सीन में प्रेस नोट वाले मेंबर ने एंट्री ली और बात को संभालते हुये कहा कि आपका मोमेंटो घर पहुंच जायेगा। इसी बीच पता चला कि उनका मोमेंटो तो उठा कर कमेटी वालो ने हाथ वाले एक्स मंत्री को दे दिया था। प्रथम नागरिक को उनका मोमेंटो घर पहुंचाने की गारंटी लेने वाले को पता ही नही था कि वो मोमेंटो तो पूर्व मंत्री जी कमेटी वालों के हाथों से लेकर अपने घर को निकल लिये है। किस्सा शहर वालों में गूंज रहा है कि क्या करोड़ो का फंड उगाहने वाली कमेटी के ये दिन आ गये हैं कि वो अपने वीआईपी मेहमानों के लिये सम्मान प्रतीक भी पूरे नही खरीद सकती। किसने प्रथम नागरिक का सम्मान प्रतीक चुपके से चुरा कर मंच पर कांग्रेस के एक्स मंत्री को दे दिया। ये तो कहीं से कहीं तक ठीक नही माना जा सकता। जिन्होने इस सीन को देखा उनका भी कहना है कि दिस इज नॉट फेयर क्योंकि जिनका सम्मान प्रतीक आपने उठा कर कांग्रेस वाले पूर्व मंत्री को दिया वो हैं इस शहर की प्रथम नागरिक और....

# संदिग्ध परिस्थिति में लगी महिला पार्षद को गोली, हालत खतरे से बाहर

### हादसे की पुलिस करेगी जांच



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार को विजयदशमी का पर्व था और विजयदशमी के पर्व पर शस्त्र पूजन भी होता है। बताया जा रहा है शस्त्र पूजन के दौरान रजापुर की महिला पार्षद वार्ड-18 से शशि गौतम के लाइसेंसी बंदूक से अचानक गोली चल गई और गोली चलने से छर्रे पार्षद के हाथ और पैर में लग गए। जिससे उनको गंभीर चोट आई हैं। गोली चलने की आवाज से हड़कंप मच गया और आनन- फानन में परिजन उनको नजदीक के निजी अस्पताल ले गए, जहां उनका उपचार कराया जा रहा है। हालांकि मणिपाल हॉस्पिटल में भर्ती पार्षद शशि गौतम की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। वहीं गोली कैसे चली अभी इस बात को पुलिस स्पष्ट नहीं कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा हुआ है जिसकी पुलिस जांच कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पार्षद शशि गौतम को गोली लगने के बाद परिजन तत्काल एनएच-09 स्थित मणिपाल अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां उनका उपचार चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक पार्षद की हालात खतरे से बाहर है। गोली के छर्रे हाथ और पैर में लगे हैं। डॉक्टरों का कहना है किसी प्रकार की दिक्कत नहीं है। उधर परिजन इस मामले में कुछ नहीं बोल रहे हैं। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है और लाइसेंसी बंदूक से गोली चलने के मामले को शस्त्र पूजन के दौरान हुए हादसे से जोड़कर देख रही है। फिलहाल इस मामले में अभी पुलिस की ओर से कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।

# डासना महापंचायत को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अलर्ट

## हिंदू संगठनों ने की तैयारी तो पुलिस भी है मुस्तैद, आज सुबह 10 बजे से शुरू होगी महापंचायत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** रविवार को डासना के शिव शक्ति धाम देवी मंदिर पर हिंदू संगठनों द्वारा महापंचायत आयोजित की जाएगी। महापंचायत आयोजित ना हो, इसको लेकर पुलिस ने कोई अनुमति नहीं दी है। इसके साथ ही पुलिस ने धारा-163 का भी हवाला दिया है। उधर हिंदूवादी संगठनों के सूत्रों से जानकारी मिली है कि उन्होंने तमाम संगठनों को डासना पहुंचने का निमंत्रण दिया है। तो वहीं साधु-संत समाज को भी इस पूरे मामले में आमंत्रित किया गया है। इस मामले को लेकर शनिवार को लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर दोबारा से डासना देवी मंदिर पहुंचे थे। उन्होंने महापंचायत की होने वाली तैयारियों का जायजा लिया है और साथ ही पुलिस द्वारा इस पूरी महापंचायत को रोकने के लिए जो तैयारी की जा रही है, उसको लेकर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि वह रविवार को महापंचायत में उपस्थित होंगे और तमाम हिंदू संगठन भी यहां उनके साथ खड़े रहेंगे।

### डा. उदिता त्यागी ने कहा हर हाल में करेंगे महापंचायत, मिल रहा है जनसमर्थन



करंट क्राइम : शिव शक्ति धाम डासना मंदिर से जुड़ी और महंत यति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आंदोलन को आगे बढ़ाने वाली डॉ. उदिता त्यागी का कहना है कि इस पूरे मामले को लेकर हिंदू संगठनों और तमाम अन्य संगठनों का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा है कि रविवार को 10 बजे से महापंचायत शुरू की जाएगी। महापंचायत को लेकर तमाम तरीके की तैयारी की गई हैं। उधर पुलिस जिस तरीके से महापंचायत को रोकने का ऐलान कर चुकी है, अनुमति नहीं दी गई है। साथ ही धारा-163 का भी हवाला दिया जा रहा है। तो इसका फैसला रविवार को सुबह मौके पर ही होगा कि क्या स्थिति रहती है।

### भीड़ जुटाने के लिए कई जिलों के संगठनों से किया गया है लगातार संपर्क

करंट क्राइम : रविवार को होने वाली महापंचायत को सफल बनाने के लिए कई जिलों के संगठनों से संपर्क करने की जानकारी मिली है। वहीं हिंदू रक्षा दल के साथ ही बजरंग दल, शिवसेना, ब्राह्मण संगठनों और दूधेश्वर सेना सहित अन्य कई संगठनों के प्रमुख जो गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, मेरठ, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर तक एक्टिव हैं। उनके पदाधिकारियों से डासना देवी मंदिर से जुड़े लोगों ने संपर्क किया है। वहीं साधु-संत समाज के लोगों को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। देखना है कि रविवार को कौन-कौन संगठन समर्थन में महापंचायत में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाता है।

### पुलिस ने नहीं दी है महापंचायत की इजाजत, तैनात रहेगी फोर्स

करंट क्राइम : डासना में महापंचायत को लेकर पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी प्रकार की अनुमति नहीं दी गई है। धारा-163 का हवाला देते हुए कहा गया है कि किसी भी प्रकार की अशांति, असुरक्षा और माहौल खराब करने की स्थिति उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी। डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी ने कहा है कि महापंचायत बिना अनुमति के नहीं होगी। भारी मात्रा में सुरक्षा बल और पुलिस के अधिकारियों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही किसी को भी कानून व्यवस्था अपने हाथ में नहीं लेने दी जाएगी।

**ड्रोन और सीसीटीवी से होगी निगरानी** - करंट क्राइम : रविवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बड़ी संख्या में डासना देवी मंदिर में पुलिस बल की तैनाती की जानकारी मिल रही है। इसके साथ ही यहां पुलिस महापंचायत के लिए जुटने वाली भीड़ पर सीसीटीवी और ड्रोन के जरिए निगरानी रखने का काम करेगी। किसी प्रकार से हालात न बिगड़े, इसको लेकर भी आलाधिकारियों द्वारा पूरी प्लानिंग और खुफिया विभाग को अलर्ट कर दिया गया है।

### शनिवार को भी देवी मंदिर में रहे विधायक नंदकिशोर गुर्जर, कहा पुलिस ठीक नहीं कर रही



करंट क्राइम : डासना में होने वाली महापंचायत के समर्थन में लगातार नंदकिशोर गुर्जर वीडियो जारी कर अपना समर्थन दे रहे हैं। तो वहीं शनिवार को वह महापंचायत के स्थान पर पहुंचे थे और उन्होंने वहां हिंदू पदाधिकारी और देवी मंदिर से जुड़े लोगों के साथ बातचीत कर तैयारी का जायजा लिया है। साथ ही एक नया वीडियो जारी करते हुए कहा है कि जिस तरीके से महापंचायत को रोकने के लिए पुलिस फरमान जारी कर रही है, वह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा है कि महापंचायत पर बड़ी संख्या में समाज, साधु समाज और हिंदू संगठन से जुड़े लोग आ रहे हैं। साथ ही विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने आसपास के लोगों से अपील की है कि वह सनातन धर्म की रक्षा के लिए महापंचायत में भाग लें।

# महापौर की अध्यक्षता में हुआ सीएम ग्रिड की सड़कों का भूमिपूजन, कैबिनेट मंत्री रहे मुख्य अतिथि



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अर्बन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलोपमेन्ट एजेंसी द्वारा संचालित सीएम ग्रिड रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम योजना के अंतर्गत विकास कार्यों का भूमिपूजन शनिवार को एयरफोर्स स्टेशन के सामने मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा एवं महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में किया गया।

यह कार्य प्रथम चरण में एयरफोर्स स्टेशन से मोहन नगर चौक व करहेड़ा नाग द्वार रोड से एलिवेटेड रोड गोल चक्कर तक सड़कों का सौन्दर्यकरण किया जाएगा।

सड़कों को मॉडल रोड बनाया जाएगा जिसमें ड्रैनेज, बिजली के केबल, अन्य चीजों को अंडरग्राउंड किया जाएगा और सड़क को सुंदर बनाया जाएगा। सड़क के साथ डिवाइडर/फुटपाथ बनेंगे जिसमे ग्रीनरी की जाएगी जिसका फायदा बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों को मिलेगा, बीच-बीच में बैठने के लिए बेंच व फूड के स्टॉल भी होंगे, साथ ही किसी भी क्रोसिंग पर सड़क ऊंची बनेगी जिससे गाड़ी की गति धीमी हो सके और फुटपाथ से सड़क क्रॉस करने वालों के लिए सुविधा मिल सके। प्रोजेक्ट की लागत लगभग 41 करोड़ होगी साथ ही द्वितीय चरण में इंदिरापुरम की सड़कों पर सौन्दर्यकरण किया जाएगा।

### गणमान्य लोग मौजूद रहे

इस दौरान पार्षद सुनंदा चौहान,पार्षद सुधीर कुमार,पार्षद विरेन्द्र त्यागी,पार्षद पवन गौतम,पार्षद प्रमोद राघव,पार्षद हिमांशु शर्मा,अपर नगर आयुक्त अरुण यादव,अपर नगर आयुक्त अमरेन्द्र, सहायक नगर आयुक्त पल्लवी सिंह,सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता, मुख्य अभियंता एन के चौधरी, उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज सिंह,अधिशासी अभियंता देशराज सिंह,सहायक अभियंता आस कुमार, अधिशासी अभियंता के पी आनंद, सहायक अभियंता अनूप शर्मा, सहायक अभियंता श्याम सिंह आदि मौजूद रहे।



### मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी योजना से शहर की सड़कें होंगी अद्भुत सुंदर :कैबिनेट मंत्री

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि सीएम ग्रिड की योजना का शहर के लिए बहुत महत्वकांक्षी है। इस योजना से हमारा शहर बहुत ही साफ-सुंदर, हरा-भरा और आदर्श दिखाई देगा। इन सड़कों का प्रयोग करने वाले लोग बहुत हर्षित होंगे और यह योजना की कार्यदायी संस्था नगर निगम है जहां महापौर और नगर आयुक्त मिलकर शहर हित में अच्छा कार्य कराएंगे।

### 41 करोड़ की लागत से एयरफोर्स स्टेशन व नाग द्वार रोड का होगा सौन्दर्यकरण : महापौर



महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि यह योजना 41 करोड़ की लागत से पूर्ण होगी और इन सड़कों के सन्दर्यकरण होने से शहर का नाम उत्तर प्रदेश सहित देश में आगे बढ़ेगा और हम भी अपने शहर में प्रदेश जैसा अनुभव लेंगे।



### सीएम ग्रिड की सड़कों से बढ़ेगी शहर की सुंदरता : नगर आयुक्त

नगर आयुक्त ने बताया कि उपरोक्त सड़कें प्रथम चरण में बनेंगी और दूसरे चरण में इंदिरापुरम योजना की सड़कों पर कार्य किया जाएगा। ये सड़कें शहर की सुंदरता को और बढ़ने का कार्य करेंगी।

## संपादकीय

# आत्मविश्वास में इजाफा

संयुक्त अरब अमीरात के निवेशकों को राहत देते हुए भारत ने उसके साथ द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) के कुछ प्रावधानों को शिथिल कर दिया है। इसमें निवेशकों के लिए विवाद की स्थिति में समाधान के स्थानीय उपायों का उपयोग करने की अवधि को पांच वर्ष से कम करके तीन वर्ष करना शामिल है। इसका अर्थ यह हुआ कि अगर भारतीय न्याय व्यवस्था इस तय अवधि में किसी विवाद को हल कर पाने में नाकाम रहती है तो निवेशक अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता का सहारा ले सकते हैं। यह भारत के बीआईटी मॉडल में एक बड़ा बदलाव है जिसमें स्थानीय समाधान उपायों के लिए पांच वर्ष की अवधि का प्रावधान है और यकीनन ऐसा करके निवेशकों का आत्मविश्वास बढ़ाने का प्रयास किया गया है। भारत-यूएई बीआईटी के दायरे में शेयर और बॉन्ड जैसे पोर्टफोलियो निवेश भी हैं। उम्मीद है कि इससे संधि के दायरे का विस्तार होगा और पैसिव वित्तीय होल्डिंग वाले निवेशक इन्वेस्टर स्टेट डिस्प्यूट सेटलमेंट (आईएसडीएस) प्रणाली की मदद से विवादों को हल कर सकेंगे। अप्रैल 2020 से जून 2024 के बीच यूएई ने भारत में कुल 19 अरब डॉलर का निवेश किया। यह देश में आने वाले कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआई का करीब तीन फीसदी था। बीते वर्षों के दौरान मध्यस्थता संबंधी कई निर्णय भारत के खिलाफ गए हैं। इन निर्णयों में भारत की विदेशी परिसंपत्तियों, जिनमें राज्य के स्वामित्व वाली संपत्तियां शामिल हैं, को जब्त कर लिए जाने का खतरा भी शामिल रहा। उदाहरण के लिए भारत ने मध्यस्थता संबंधी कुछ विपरीत निर्णयों को मानने से इनकार कर दिया। इसके कारण देवास और केयर्न कंपनियों ने तत्कालीन सरकारी कंपनी एयर इंडिया की विदेशी परिसंपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई की। एक अन्य चर्चित विवाद में वोडाफोन द्वारा 2007 में हचीसन से भारतीय मोबाइल सेवा प्रदाता की खरीद करने के बाद पूंजीगत लाभ कर के दावे को लेकर समस्या खड़ी हुई थी। कर कानूनों में अतीत से प्रभावी होने वाले बदलाव करने से हालात और अधिक जटिल हो गए। आखिरकार आईएसडीएस मध्यस्थता प्रणाली के मेजबान देश के नियमन के बजाय निवेशकों के अनुकूल होने से जुड़ी चिंताओं के कारण भारत ने 2015 के आखिर में मॉडल बीआईटी ढांचे को अपनाया। इसमें विदेशी निवेशकों को भारत के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता अपनाने के पूर्व कम से कम पांच साल तक स्थानीय उपायों का पालन करने, लगाए गए किसी भी कराधान उपाय को बाहर रखने तथा सर्वाधिक तरजीही मुल्क (एमएफएन) वाले हिस्से को बाहर रखने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन के आंकड़े दिखाते हैं कि अंतरराष्ट्रीय विवाद निस्तारण के 1,332 ज्ञात मामलों में से 361 सरकारों के पक्ष में गए जबकि 268 फैसले निवेशकों के पक्ष में गए। इससे यह धारणा ध्वस्त हो गई कि आमतौर पर अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के मामले सरकार के बजाय निवेशकों के पक्ष में जाते हैं।

# पीएम इंटर्नशिप स्कीम पोर्टल के जरिए 193 कंपनियों ने पेश की 90 हजार से ज्यादा इंटर्नशिप

**नई दिल्ली।** पीएम इंटर्नशिप स्कीम पोर्टल के जरिए कई दिग्गज कंपनियां युवाओं के लिए इंटर्नशिप की पेशकश रख रही हैं। यह पोर्टल 12 अक्टूबर की शाम को आवेदकों के लिए खुलने जा रहा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी, मारुति सुजुकी, जुबिलेंट फूडवर्क्स और आयशर मोटर्स जैसी करीब 193 कंपनियों ने पीएम इंटर्नशिप स्कीम पोर्टल के जरिए 90,000 से ज्यादा इंटर्नशिप की पेशकश की है। कई रिपोर्ट्स के अनुसार, अब तक 193 कंपनियों ने 90,849 इंटर्नशिप के अवसर पोस्ट



किए हैं। इनमें प्राइवेट सेक्टर की कई बड़ी कंपनियों के नाम शामिल हैं। इस स्कीम के तहत अभी तक 200 कंपनियों ने कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के साथ रजिस्ट्रेशन करवाया है। मंत्रालय चालू वित्त वर्ष के दौरान 1.2 लाख से ज्यादा इंटर्नशिप लाने के उद्देश्य से इस योजना का प्रबंधन कर रहा है। यह एक पायलट प्रोजेक्ट है और इससे प्राप्त अनुभवों के आधार पर ही एमसीए कवरेज बढ़ाने को लेकर कैबिनेट की मंजूरी लेगा, ताकि योजना को अंतिम रूप दिया जा सके। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के सूत्रों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इंटर्नशिप 24 क्षेत्रों में फैली हुई है, जिसमें सबसे अधिक हिस्सा तेल, गैस और ऊर्जा क्षेत्र में उपलब्ध है। इसके बाद यात्रा और आतिथ्य, ऑटोमोटिव, बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं आदि हैं। युवाओं के लिए लाई जा रही इंटर्नशिप 20 से अधिक क्षेत्रों से जुड़ी हैं। इनमें परिचालन प्रबंधन, उत्पादन और विनिर्माण, रखरखाव, बिक्री और विपणन जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इंटर्नशिप के अवसर पूरे देश में 28 राज्यों, 8 केंद्र शासित प्रदेशों के 737 जिलों में उपलब्ध हैं। ज्ञात हो कि, पीएम इंटर्नशिप स्कीम को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस वर्ष जुलाई में पेश बजट में घोषणा की थी। इस स्कीम का उद्देश्य देश के 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप दिलवाना है, ताकि वे अपनी स्किल को बेहतर कर सकें।

# त्योहारों के एक हफ्ते में 55000 करोड़ की ऑनलाइन बिक्री

**नई दिल्ली।** इस साल त्योहारी सीजन में होने वाली बिक्री की करीब 55 फीसदी बिक्री 26 सितंबर के बाद से अब तक हुई है। पिछले साल त्योहारों में ऑनलाइन खरीदी का मूल्य 9.7 अरब डॉलर था। इस बार 23 फीसदी बढ़कर 12 अरब डॉलर हो सकता है। खरीदारों में छोटे कस्बों व शहरों का बड़ा हिस्सा है। कुछ ब्रांडों ने कहा, आपूर्ति से ज्यादा मांग आ रही है।

त्योहारी सीजन में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जमकर खरीदी हो रही है। एक हफ्ते में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ने 55,000 करोड़ के सामान बेचे हैं। पिछले वर्ष की तुलना में यह 26 फीसदी अधिक है।

ऑनलाइन से सर्वाधिक खरीदी मोबाइल फोन, कंज्यूमर ड्यूरेबल, इलेक्ट्रॉनिक्स व जनरल मर्चेंडाइज की हो रही है। कुल बिक्री में इनका योगदान तीन चौथाई है।

इस साल त्योहारी सीजन में होने वाली बिक्री की करीब 55 फीसदी बिक्री 26 सितंबर के बाद से अब तक हुई है। पिछले साल त्योहारों में ऑनलाइन खरीदी का मूल्य 9.7 अरब डॉलर था। इस बार 23 फीसदी बढ़कर 12 अरब डॉलर हो सकता है। खरीदारों में छोटे कस्बों व शहरों का बड़ा हिस्सा है। कुछ ब्रांडों ने कहा, आपूर्ति से ज्यादा मांग आ रही है।

### सालाना आधार पर 40 फीसदी तक बढ़ गई मांग

फ्लिपकार्ट, मीशो और अमेजन इंडिया की 26 सितंबर से वार्षिक त्योहारी सीजन की बिक्री शुरू है। मीशो ने कहा, सालाना आधार पर बिक्री में 40% की वृद्धि देखी गई। यह उछाल दूसरे स्तर के शहरों की मजबूत मांग से आया है। इसमें लगभग 45% खरीदार चौथे स्तर के शहर और उससे आगे से आए थे।



### छोटे शहरों पर ज्यादा जोर

फ्लिपकार्ट का कहना है कि बड़े शहरों के साथ मेदिनीपुर, हिसार, बेरहामपुर, बांकुरा और अगरतला जैसे दूसरे स्तर के क्षेत्रों में भी ग्राहकों की ओर से मजबूत मांग है। कुछ वर्षों से त्योहारी बिक्री पहले शुरू हो जाती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ने जब सेल की शुरूआत की तो बिक्री बहुत तेज थी। आखिरी दिन में धीमी हो गई।

### दशहरा से दिवाली के बीच फिर बढ़ेगी बिक्री

व्यापारियों का मानना है कि बिक्री की एक और लहर आएगी। यह दशहरा से दिवाली के बीच होगी। अमेजन इंडिया का कहना है कि जो 30,000 रुपये से ज्यादा के इलेक्ट्रॉनिक्स सामान हैं, उनकी बिक्री 30% बढ़ी है। मूलरूप से महंगे स्मार्टफोन ज्यादा बिक रहे हैं। खासकर आईफोन 13, वनप्लस और सैमसंग एस 23 अल्ट्रा है। कुल ऑर्डर का 75 फीसदी ऑर्डर दूसरे और उसके आगे के शहरों से आ रहा है।

### नवरात्र में इन सामानों की मांग में बढ़ोतरी

नवरात्र शुरू होने के साथ घरेलू सजावट इलेक्ट्रॉनिक्स व गेमिंग सहायक उपकरण जैसी अन्य श्रेणियों ने इस अवधि के दौरान वॉल्यूम में 100% से अधिक वृद्धि दर्ज की है। सबसे ज्यादा मांग इनकी रही है।

### इसलिए खरीदी में आ रही तेजी

ऑनलाइन बिक्री में तेजी का बड़ा कारण किस्त पर सामान मिलना है। 50 फीसदी से ज्यादा खरीदार, जो टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, लैपटॉप खरीद रहे हैं वे किस्त पर भुगतान कर रहे हैं। ये महंगे उत्पाद खरीद रहे हैं। दूसरे और तीसरे स्तर के शहर स्मार्टफोन और टीवी बिक्री में 70 फीसदी का योगदान दे रहे हैं।

# सेंसेक्स-निफ्टी लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट के साथ बंद, एनर्जी और मेटल शेयर फिसले

**नई दिल्ली।** साप्ताहिक आधार पर एनएसई निफ्टी 50.35 अंक या 0.20 प्रतिशत गिरकर 24,964.25 और बीएसई सेंसेक्स 307.09 अंक या 0.38 प्रतिशत गिरकर 81,381.36 स्तर पर बंद हुआ। एनएसई पर 1287 शेयर हरे निशान और 1214 शेयर लाल निशान पर रहे। वहीं, बीएसई पर 2042 शेयर हरे और 1677 शेयर लाल निशान पर रहे। बीते कारोबारी सप्ताह अर्थव्यवस्था, उद्योग और कुछ विशिष्ट कंपनियों से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण घटनाओं ने डी-स्ट्रीट पर धारणा को काफी हद तक प्रभावित किया। इसके अलावा, यूएस फेड रेट कट पर मिश्रित दृष्टिकोण, दूसरी तिमाही के नतीजों को लेकर चिंताएं और मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव का भी असर देखा गया। बीएसई इंडस्ट्रियल में 2.05 प्रतिशत या 313.02 अंक की सबसे अधिक तेजी रही और बीएसई मेटल 1.84 प्रतिशत या 629.85 अंक की सबसे अधिक गिरावट देखी गई। बीते कारोबारी हफ्ते के दौरान आईटी, टेलीकॉम, ऑटो, कैप गुड्स, पावर, हेल्थकेयर जैसे सेक्टर हरे निशान पर कारोबार कर रहे थे। वहीं, बीएसई कमोडिटीज, एनर्जी, यूटिलिटीज, एफएमसीजी, मेटल , ऑयल एंड गैस सेक्टर नुकसान में रहे। बीते सप्ताह एनएसई पर निफ्टी फार्मा में 2.11 प्रतिशत



की सबसे अधिक तेजी आई और निफ्टी एफएमसीजी में 2.05 प्रतिशत की सबसे अधिक गिरावट देखी गई। बीते कारोबारी सप्ताह के दौरान निफ्टी मेटल, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, एफएमसीजी, मेटल, एनर्जी, ऑयल एंड गैस, बैंक लाल निशान पर रहे। वहीं, निफ्टी आईटी, ऑटो, मीडिया, फार्मा, हेल्थकेयर, रियल्टी सेक्टर हरे निशान पर रहे। भारत के बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक आखिरी कारोबारी दिन लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट के साथ बंद हुए, जिसमें टाइटन कंपनी और टाटा स्टील लिमिटेड साप्ताहिक आधार पर सबसे अधिक नुकसान में रहे। आखिरी कारोबारी दिन बैंकों और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड में नुकसान के कारण सूचकांक में गिरावट दर्ज की गई। आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 0.22 प्रतिशत या 176.01 अंक गिरकर 81435.40 पर और निफ्टी 0.10 प्रतिशत या 24.15 अंक गिरकर 24974.3 पर बंद हुआ।

## राशिफल

**मेष:** खर्चों में वृद्धि होगी। मेहमानों के साथ बुरा व्यवहार न करें। ऐसा व्यवहार न केवल आपके परिवार को दुखी कर सकता है, बल्कि रिश्ते में दूरियां भी पैदा कर सकता है।

**वृष:** आज आप पूरे दिन ऊजार्वान महसूस करेंगे. ऑफिस में कई दिनों से रुका हुआ काम समय पर पूरा करेंगे। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन बेहतर है।

**मिथुन:** मित्रों और प्रियजनों के साथ सुखद मुलाकात होगी. यात्रा भी सुखद रहेगी। पढ़ाई में मन नहीं लगेगा। आर्थिक रूप से आप समृद्ध रहेंगे और नए सौदे भी आगे बढ़ेंगे।

**कर्क:** आज काम का बोझ कुछ तनाव और झुंझलाहट का कारण बन सकता है। चतुर वित्तीय योजनाओं में फंसने से बचें, निवेश में बेहद सावधानी बरतें।

**सिंह:** आज घर के बड़ों का आशीर्वाद लेकर बाहर जाएं आपके लिए कारगर साबित होगा। ऑफिस में कुछ नई जिम्मेदारियां आपके कंधों पर आ सकती हैं।

**कन्या:** आज आपके जीवन में किसी खास दोस्त के आने से आपके जीवन की खुशियां दोगुनी हो जाएंगी। आपके जीवन में खुशियां दस्तक देने वाली हैं।

**तुला:** निवेश से जुड़े अहम फैसले किसी और दिन के लिए छोड़ देने चाहिए। यह जानकर बहुत दुख होगा कि जिस पर विश्वास करते आए हैं, वह विश्वसनीय नहीं है।

**वृश्चिक:** यात्रा का दिन रहेगा। ऑफिस के किसी काम से बाहर जाना पड़ सकता है, दिन अच्छा बीतेगा। घर में किसी दूर के रिश्तेदार के आने से खुशियों का माहौल बनेगा।

**धनु:** प्रेमी और प्रेमिका के साथ प्यार भरे पल बिताएंगे। शेयर बाजार में निवेश न करें। आर्थिक लाभ होगा और भौतिक चीजों पर भी खर्च करेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी।

**मकर:** समस्या से निजात पाने के लिए सकारात्मक सोच का सहारा लें। आत्मविश्वास हासिल नहीं कर सकते। दूसरों को प्रभावित करने के लिए पैसा खर्च न करें।

**कुंभ:** भाग्य साथ देगा। यदि कोई नया व्यवसाय शुरू करने की सोच रहे हैं तो मुहूर्त देख सकते हैं। धन लाभ के साथ सुख भी प्राप्त होगा। शादीशुदा के लिए दिन अनुकूल है।

**मीन:** आज आप कोई महत्वपूर्ण योजना भी बना सकते हैं। जीवनसाथी से थोड़ी अनबन के कारण आपकी मानसिक चिंता बढ़ सकती है।

## चुटकुले

गोलू - परीक्षा खत्म होते ही जिम ज्वॉइन कर लूंगा।
टोलू - क्यों?
गोलू- रिजल्ट आने तक मार झेलने लायक तो बॉडी बन ही जाएगी।

---

एक व्यक्ति पहली बार अकेला हेलिकॉप्टर उड़ाना सीख रहा था।
500 फीट की ऊंचाई पर उड़ते -उड़ते अचानक हेलिकॉप्टर नीचे आ गिरा।
ट्रेनर ने पूछा -क्या हुआ ?
बोला- कुछ नहीं , ऊपर जाकर मुझे ठंड लगने लगी, मैंने पंखे बंद कर दिए थे बस।

---

मालकिन- कितना टाइम हो रहा है?
नौकरानी- मुझे टाइम देखना नहीं आता।
मालकिन- अच्छा कोई बात नहीं. ये देखकर बताओ कि बड़ी सुई कहां है और छोटी सुई कहां है?
नौकरानी- दोनों सुइयां घड़ी के अंदर हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- अंतरिक्ष स्टेशन में सोना काफी चुनौती भरा होता है। अंतरिक्ष यात्री को सोने के लिए काफी मेहनत करनी होती है। उन्हें आंखों पर पट्टी बांध कर एक बंकर में सोना होता है ताकि वह तैरने और इधर-उधर टकाराने से बच सके।
- 20 जुलाई, 1969 को अमेरिका के अपोलो 11 मिशन के जरिए चांद पर पहली बार इंसान के कदम पड़े थे। नील आर्मस्ट्रांग ने चांद पर कदम रखते हुए कहा एक छोटा-सा कदम, लेकिन मानवता के लिए एक लंबी छलांग।
- सर आइजैक न्यूटन के सेब के पेड़ का एक नमूना 'गुरुत्वाकर्षण अवहेलना करना' के लिए अंतरिक्ष में भेजा गया था।
- साल 1 9 77 में, हमें 72 सेकंड तक गहरे अंतरिक्ष से एक संकेत मिला। हम अभी भी नहीं जानते हैं कि यह कैसे और कहाँ से आया था।
- पृथ्वी से आसमान नीला दिखाई देता है, लेकिन अंतरिक्ष यात्रियों को यह काला दिखाई देता हैं।
- अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अंतरिक्ष यात्री लगभग 15 सूर्योदय और 15 सूर्यास्त को हर रोज देखते हैं।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी





# जोएल मैटिप ने फुटबॉल से संन्यास की पुष्टि की

**लिवरपूल।** लिवरपूल के पूर्व डिफेंडर जोएल मैटिप ने शनिवार को फुटबॉल से संन्यास की पुष्टि की। सेंटर-बैक ने आठ साल के कार्यकाल के बाद गर्मियों में रेड्स को छोड़ दिया, जिसमें क्लब के साथ 201 मैच और कई प्रमुख सम्मान शामिल थे।

2016 में शाल्के 04 से फ्री स्थानांतरण पर हस्ताक्षर किए गए, मैटिप जुर्गेन क्लॉप के मैनेजर के रूप में कार्यकाल के दौरान एक प्रमुख व्यक्ति थे, जिन्होंने चैंपियंस लीग फुटबॉल में वापसी सुनिश्चित करने में मदद की और 2019 में प्रतियोगिता में गौरव की दौड़ में प्रमुख भूमिका निभाई - जिसमें टोटेनहम हॉटस्पर के खिलाफ फाइनल में डिवॉक ओरिगी के लिए एक सहायता भी शामिल है।

लिवरपूल ने यूईएफए सुपर कप में भी जगह बनाई और 2019-20 में नौ प्रीमियर लीग मैचों में शामिल रहे, क्योंकि क्लॉप की टीम ने क्लब के 30 साल के इंतजार को खत्म कर दिया और फिर से इंग्लिश चैंपियन का ताज पहनाया।

लंबे समय तक चोट लगने के कारण 2020-21 का उनका अभियान बाधित होने के बाद, कैमरून के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने शानदार फॉर्म में वापसी की और रेड्स ने अगले सीजन में चौगुनी बोली लगाई।

मैटिप ने उस सीजन में 43 मैच खेले, जो क्लब के लिए एक अभियान में उनका सबसे अधिक था, और वेम्बली में काराबाओ कप और एफए कप जीतने के दौरान दोनों फाइनल में दिखाई दिए, जबकि वह और उनके साथी चैंपियंस लीग में उपविजेता भी रहे।

**सेंटर-बैक ने आठ साल के कार्यकाल के बाद गर्मियों में रेड्स को छोड़ दिया**

वह 2022-23 और 2023-24 की शुरूआत में टीम के एक महत्वपूर्ण सदस्य बने रहे, लेकिन पिछले दिसंबर में लगी एक गंभीर पूर्ववर्ती क्रूसिएट लिगामेंट चोट ने उन्हें फिर से क्लब के लिए खेलने से रोक दिया।

मैटिप और उनके समर्थकों ने पिछले सीजन के आखिरी दिन एनफील्ड में एक दूसरे को विदाई दी, उनके अनुबंध की समाप्ति से पहले, और अब उन्होंने पुष्टि की है कि उनका खेल करियर समाप्त हो गया है।

अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में, मैटिप ने कैमरून के लिए 27 मैच खेले और एक बार गोल किया, जिसके साथ उन्होंने 2010 और 2014 में विश्व कप खेला।

# भारत की हर खिलाड़ी को अपना सर्वश्रेष्ठ देने की जरूरत है : मांजरेकर





## महिला टी20 विश्व कप

**नई दिल्ली ।** भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम की हर खिलाड़ी को आगे आकर अपना सर्वश्रेष्ठ देने की जरूरत है, जब वे शारजाह में 2024 महिला टी20 विश्व कप के अहम मुकाबले में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेंगे।

शीर्ष रैंकिंग वाली ऑस्ट्रेलिया ने अब तक अपने तीनों ग्रुप ए मैच जीते हैं, इसका मतलब है कि दूसरे और आखिरी सेमीफाइनल स्थान के लिए भारत, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। भारत के सेमीफाइनल में प्रवेश करने की संभावना तब और बढ़ गई जब उसने श्रीलंका को 82 रनों से हराया और अपना नेट रन रेट (एनआरआर) सकारात्मक किया, जो अब +0.567 है।

डिज्नी+ हॉटस्टार विशेषज्ञ मांजरेकर ने मैच से पहले कहा, ₹भारतीय महिला टी20 टीम शानदार प्रदर्शन कर रही है, लेकिन असली परीक्षा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में होगी। यह दिग्गजों का मुकाबला है और हमारी हर खिलाड़ी को आगे आकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की जरूरत है। यह भारत के लिए महिला क्रिकेट में अपनी प्रगति की परीक्षा है, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया विश्व क्रिकेट में बेंचमार्क है।₹

रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज भारत को सेमीफाइनल में प्रवेश करने के लिए रविवार को शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहम मैच जीतना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि उनका नेट रन रेट मौजूदा चैंपियन या न्यूजीलैंड से बेहतर हो, बशर्ते वे अपने बचे हुए दो मैच जीतें। अगर भारत हार भी जाता है, तो उन्हें उम्मीद करनी होगी कि पाकिस्तान और न्यूजीलैंड का एनआरआर कम हो, अगर दोनों चार अंकों पर बराबर हैं। भारत के लिए रविवार का मैच जीतना थोड़ा आसान लग रहा है, क्योंकि शुक्रवार को पाकिस्तान के खिलाफ जीत के दौरान तेज गेंदबाज टायला व्लामिन्क और कप्तान एलिसा हीली क्रमशः कंधे की हड्डी खिसकने और दाएं पैर में चोट के कारण मैदान से बाहर चली गईं।

# फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मार्केज का लक्ष्य भारत-वियतनाम मैत्री मैच में जीत हासिल करना

**नाम दिन्ह (वियतनाम) ।** भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मार्केज वियतनाम के खिलाफ होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में अपनी पहली जीत की तलाश में होंगे। पहले यह तीन देशों का टूनार्मेंट था लेकिन लेबनान ने इससे हट गया। मार्केज के मुख्य कोच के रूप में अब तक के दो मैचों में भारत ने मॉरीशस के खिलाफ ड्रॉ खेला और पिछले महीने हैदराबाद में इंटरकांटिनेंटल कप में सीरिया से 0-3 से हार गया। इससे मार्केज शनिवार को अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए बेताब होंगे।



116वें स्थान पर काबिज वियतनाम फीफा रैंकिंग में भारत (126वें) से 10 स्थान ऊपर है। इस सदी में दोनों टीमें तीन बार एक-दूसरे से भिड़ चुकी हैं। 2004 में वियतनाम ने हो ची मिन्ह सिटी में एलजी कप में भारत को हराया था। 2010 में पूर्व कप्तान सुनील छेत्री ने हैट्रिक की भारतीय टीम ने पुणे में वियतनाम पर 3-1 से जीत हासिल की। दोनों टीमों के बीच आखिरी मुकाबला 2022 में हुआ था जब वियतनाम ने हो ची मिन्ह सिटी में कोच इगोर स्टिमक की भारतीय टीम के खिलाफ 3-0 से जीत हासिल की थी।

मार्केज ने मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ह्यह्यहमारे लिए वियतनाम में खेलना बहुत अच्छा है। यह ऐसी टीम है जो पहले भी विश्व कप क्वालीफायर के अंतिम दौर के लिए क्वालीफाई कर चुकी है और हम हाल के वर्षों में उनके विकास के बारे में जानते हैं। वह हमारे लिए एक कठिन प्रतिद्वंद्वी होगी, लेकिन मुझे लगता है कि यह उनके लिए भी उतना ही कठिन होगा।

# ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली और गेंदबाज टेयला व्लामिनक हुई चोटिल, भारत को मिलेगा फायदा



ठऑस्ट्रेलिया ने महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सेमीफाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है, लेकिन शुक्रवार को पाकिस्तान के खिलाफ जीत के बाद टीम को बड़ा झटका लगा है। कप्तान एलिसा हीली और गेंदबाज टेयला व्लामिनक की चोटिल हो गई है। कंगारू टीम को भारत के खिलाफ आखिरी ग्रुप मैच खेलना है।

दुबई में शुक्रवार को पाकिस्तान को मात्र 82 रनों पर हरा दिया। इस दौरान ऑस्ट्रेलिाय की कप्तान एलिसा हीली को दूसरा रन लेते समय चोट लग गई। उनको पिंडली की समस्या के कारण मैदान से बाहर होना पड़ा। 37 रन पर रिटायर्ड हर्ट होने के बाद एलिसा पेरी ने डिफेंडिंग चैंपियन को मात्र 11 ओवर में आसान जीत दिलाई। इसके साथ ही टीम के 6 अंक हो गए और उसका अंतिम चार में पहुंचना लगभग पक्का हो गया। मैच के पहले ओवर में फील्डिंग करते समय व्लामिंक का दाहिना कंधा उखड़ गया। दुनिया की सबसे तेज महिला गेंदबाज व्लामिंक को टूनार्मेंट में पहली बार खेलने का मौका मिला था लेकिन मैच की सिर्फ चार गेंद बाद ही वह चोटिल हो गईं। थर्ड मैन बाउंड्री की ओर गेंद का पीछा करते हुए इस खिलाड़ी का बायां घुटना को टर्फ में फंस गया और उनका कंधा चोटिल हो गया।

# जामनगर राजघराने के अगले उत्तराधिकारी होंगे पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा, जाम साहब ने किया ऐलान

**नई दिल्ली।** एक बड़े ऐतिहासिक फैसले में, जामनगर के शाही परिवार ने परिवार की गद्दी पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा को सौंपने के अपने फैसले की घोषणा की। जारी की गई जानकारी के मुताबिक निवर्तमान जाम साहेब शत्रुसल्यसिंहजी दिग्विजयसिंहजी जाडेजा ने राजघराने से ताल्लुक रखने वाले अजय जाडेजा को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया। शत्रुसल्यसिंहजी ने कहा ने कहा कि दशहरा वह दिन है जिस दिन पांडवों ने अपने अज्ञातवास के 14 वर्ष सफलतापूर्वक पूरे करने पर विजयी महसूस किया था। आज, मैं भी विजयी महसूस कर रहा हूं क्योंकि अजय जड़ेजा ने विनम्रतापूर्वक मेरा उत्तराधिकारी और नवानगर का अगला जामसाहब बनना स्वीकार कर लिया है, जिसे मैं सचमुच मानता हूं कि यह जामनगर के लोगों के लिए एक बड़ा वरदान है।



जामनगर का शाही परिवार, जिससे अजय जड़ेजा संबंधित हैं, की क्रिकेट के क्षेत्र में एक समृद्ध विरासत है। प्रतिष्ठित रणजी ट्रॉफी और दलीप ट्रॉफी का नाम क्रमशः जडेजा के रिश्तेदारों, के.एस. रणजीतसिंहजी और के.एस. दलीपसिंहजी के नाम पर रखा गया है। जामनगर सिंहासन के अगले उत्तराधिकारी, अजय जड़ेजा ने अपने परिवार की तरह, त्रुटिहीन क्रिकेट कौशल दिखाया और 1992 से 2000 तक भारत का प्रतिनिधित्व किया, इस दौरान उन्होंने 15 टेस्ट मैच और 196 एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (वनडे) खेले।

उनके क्रिकेट करियर का सबसे प्रतिष्ठित क्षण बेंगलुरु में 1996 क्रिकेट विश्व कप क्वार्टर फाइनल के दौरान आया, जहां उन्होंने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम को विजयी जीत दिलाई। जडेजा ने सिर्फ 25 गेंदों में 45 रन बनाए, जिनमें से 40 रन वकार यूनिस द्वारा फेंके गए अंतिम दो ओवरों में आए। उनकी बल्लेबाजी कौशल के अलावा, जडेजा की क्षेत्ररक्षण क्षमताओं की भी व्यापक रूप से प्रशंसा की गई। हाल ही में, उन्होंने 2023 आईसीसी विश्व कप के दौरान अफगानिस्तान क्रिकेट टीम को मेंटर किया था।

# सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड पर जो रूट की नजर, टेस्ट क्रिकेट का बदलेगा इतिहास



**नई दिल्ली।** इन दिनों जो रूट अपने बल्ले से गर्दा उड़ा रहे हैं, दुनिया का हर एक बल्लेबाज ऐसी ही फॉर्म की चाह रखता है। वो इस साल टेस्ट मैचों में 65 से ज्यादा के औसत से रन बना रहे हैं और महज 12 मैचों में 1,248 रन बना चुके हैं। इसी फॉर्म के आधार पर अटकलें लगाई जाने लगी हैं कि रूट कुछ ही समय में टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ देंगे।

पाकिस्तान के खिलाफ मुल्तान में 262 रनों की शानदार पारी खेल चुके जो रूट ने टेस्ट क्रिकेट में 12,664 रन बना लिए हैं। एक ब्रिटिश मीडिया चैनल अनुसार जो रूट ने कहा कि, मैं अभी कुछ नहीं कह सकता वो आंकड़ा अभी मुझसे कुछ दूर नजर आता है। रूट ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच में हैरी ब्रूक के साथ मिलकर 454 रन की पार्टनरशिप की थी जिसके दम पर इंग्लैंड वह मुकाबला पारी और 47 रनों से जीत गया था।

जो रूट अब तक 147 टेस्ट मैचों में 12664 रन बना चुके हैं। दूसरी ओर सचिन तेंदुलकर ने 200 टेस्ट मुकाबलों में 15,921 रन बनाए थे। रूट अभी भारत के इस महान बल्लेबाज से 3,257 रन दूर हैं और इस फासले को कम करने में अभी रूट को करीब 3 साल और टेस्ट क्रिकेट खेलना पड़ सकता है।

ये भी बताते चलें कि साल 2020 से पहले जो रूट ने 9 साल टेस्ट क्रिकेट खेलने के बाद 17 शतक लगाए थे, लेकिन कोरोना के खत्म होने के बाद उन्होंने जैसे शतक बनाने और रन बनाने के मामले में सबसे आगे निकलने का लक्ष्य बनाया है।

# पाकिस्तान की हार पर आग बबूला हुए शोएब अख्तर, जमकर लगाई अपनी टीम की क्लास

**नई दिल्ली।** पहले बांग्लादेश और अब इंग्लैंड के खिलाफ पाकिस्तान को शर्मनाक हार मिली है। वहीं पाकिस्तान की इस हार के बाद पाकिस्तानी दिग्गजों ने अपना संयम खो दिया है। लाइव टीवी शो में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने जमकर उनकी क्लास लगाई।



अख्तर ने पीटीवी स्पोर्ट्स पर लाइव चर्चा के दौरान कहा कि, जो बोएंगे वही काटेंगे। टीम में दर्शकों से मैंने गिरावट ही देखी है। हालात बहुत निराशाजनक है। हराना ठीक है, लेकिन मैच करीबी होना चाहिए। हालांकि, पिछले दो दिनों में हमने जो देखा, उससे पूरी तरह से उम्मीदें टूट गई हैं। इससे पता चलता है कि हम अच्छा नहीं कर सक रहे हैं। इंग्लैंड ने 800 से ज्यादा रन बनाए और बांग्लादेश ने भी आपको हराया। अख्तर ने अपनी बात जारी रखते हुए कहा कि, फैंस कह रहे हैं कि पाकिस्तान को टेस्ट क्रिकेट खेलना बंद कर देना चाहिए। मैंने कुछ कमेंट्स देखे, आईसीसी सोच रहा होगा कि क्या हमें पाकिस्तान में टीमें भेजनी चाहिए और उनका टेस्ट दर्जा बरकरार रखना चाहिए। ये बहुत निराशाजनक है। इससे पाकिस्तान क्रिकेट, फैंस और उभरती प्रतिभाओं को नुकसान पहुंचेगा। मैं पीसीबी से अनुरोध करना चाहता हूं कि वह इस गड़बड़ को सही करें।

# 7 साल बाद हॉकी लीग ऑक्शन की वापसी

## हरमनप्रीत सिंह समेत 1000 खिलाड़ियों की किस्मत का होगा फैसला

**नई दिल्ली।** सात साल बाद भारत में हॉकी इंडिया लीग की वापसी हो रही है। इस लीग के साथ देश में हॉकी उत्थान की नई शुरूआत हो रही है। लीग में 1000 से ज्यादा खिलाड़ियों की किस्मत का फैसला होगा। पुरुष और महिला लीग के लिए 13 से 15 अक्टूबर तक दिल्ली में ऑक्शन होने वाला है। ऑक्शन में कई बड़े चेहरों पर नजर रहेगी जिनके लखपति बनने की उम्मीद है।

वहीं 13 और 14 अक्टूबर को पुरुष लीग के लिए ऑक्शन होगा। वहीं पहली बार आयोजित होने वाली महिला लीग के लिए ऑक्शन 15 अक्टूबर को होगा। नीलामी में 1000 खिलाड़ियों पर बोली लगेगी जिसमें भारत के अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खिलाड़ियों के अलावा विदेशी खिलाड़ी भी शामिल हैं।




हर टी को अधिकतम 24 खिलाड़ियों को खरीदने की अनुमति है। इसमें से 16 भारतीय खिलाड़ियों का होना अनिवार्य है। 16 खिलाड़ियों में चार जूनियर खिलाड़ी होंगे। हर टीम में 8 विदेशी खिलाड़ी रखने की अनुमति होगी।

ऑक्शन में दिन खिलाड़ियों पर सभी की नजरें होंगी उसमें टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह, दिग्गज खिलाड़ी मनप्रीत सिंह, उपकप्तान हार्दिक सिंह और मनदीप जैसे नाम शामिल हैं। किसी टीम ने खिलाड़ियों को ड्राफ्ट नहीं किया है ऐसे में इन खिलाड़ियों में टीमों को अपना कप्तान मिलेगा। ऐसे में इनके लिए पैसों की बरसात होना तया है। ये सभी दो बार को ओलंपिक मेडलिस्ट हैं ऐसे में उनकी कीमत करोड़ तक पहुंच सकती हैं।

# अगर ऑस्ट्रेलिया से टीम इंडिया हार गई तो हो जाएगी मुश्किल

**नई दिल्ली।** महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारत का अगला मुकाबला ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम से है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रविवार को शारजाह में मैच खेला जाएगा, जो की भारतीय टीम के लिए बेहद अहम है। अगर ऑस्ट्रेलिया ने मैच जीता तो टीम इंडिया के लिए मुश्किल हो जाएगी। ऐसी स्थिति में समझिए सेमीफाइनल में पहुंचने का पूरा समीकरण।

ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया टॉप पर है। उसने तीन मैच खेले हैं और सभी जीते हैं और 6 पॉइंट्स लेकर बैठी है। अगर कंगारू टीम ने भारत को हरा दिया तो सेमीफाइनल में उसकी जगह पक्की हो जाएगी। अगर टीम इंडिया ने जीत हासिल की तो उसकी उम्मीदें भी सेमीफाइनल में पहुंचने की होगी। भारत को बड़े अंतर से जीत हासिल करनी होगी, इससे नेट रन रेट ऑस्ट्रेलिया से बेहतर हो जाएगा। भारत के पास अभी भी 4 पॉइंट्स हैं, जो कि ऑस्ट्रेलिया से कम हैं।

अगर भारत हारा तो...

लेकिन अगर ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया तो फिर टीम इंडिया की दिक्कतें बढ़ जाएंगी। जिस कारण उसे न्यूजीलैंड-पाकिस्तान के मैच पर निर्भर रहना होगा। भारत को उम्मीद करनी होगी की न्यूजीलैंड, पाकिस्तान को हरा दे। न्यूजीलैंड के दो मैच बचे हैं, उसके पास 2 पॉइट्ंस हैं। वहीं नेट रन रेट भी माइनस में है, पाकिस्तान का आखिरी मैच बचा है उसके पास भी 2 पॉइट्ंस हैं। हालांकि, श्रीलंकाई टीम पहले ही एलिमिनेट हो चुकी है।



**भारत को नेट रन रेट सुधारना होगा**

टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया और जीत का अंतर ज्यादा नहीं रहा तो भी टीम इंडिया की दिक्कतें कम नहीं होगी। भारत को जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया के नेट रन रेट को क्रॉस करना होगा। इसके लिए टीम इंडिया को बड़ी जीत की जरुरत है।

# कौन है निशांत सरनु ? रणजी ट्रॉफी में डेब्यू कर झटके दो विकेट, पाकिस्तान के लिए की कर चुके हैं नेट गेंदबाजी

रणजी ट्रॉफी में निशांत सरनू ने शुक्रवार को गुजरात के खिलाफ हैदराबाद के लिए डेब्यू किया। इस 6 फुट 9 इंच लंबे गेंदबाज ने अपनी बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। पिछले साल, हैदराबाद के 19 वर्षीय खिलाड़ी ने वनडे वर्ल्ड कप में पाकिस्तान टीम के लिए नेट बॉलर का काम किया था। इस दौरान उन्होंने टीम के बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्कल का ध्यान भी अपनी ओर खींचा था जो मौजूदा समय में भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच हैं।

इस साल की शुरूआत में जब भारत टेस्ट मैच के लिए हैदराबाद में था, तो निशांत ने कोच राहुल द्रविड़ का ध्यान भी अपनी ओर खींचा था। पिछले आईपीएल में उन्होंने मुंबई इंडियंस में जसप्रती बुमराह एंड कंपनी के साथ नेट बॉलर के रूप में काम भी किया था। निशांत की तीन साल पहले तक क्रिकेट से कोई वास्ता नहीं था 2021 की शुरूआत में उनके क्रिकेट को अपनाने की एकमात्र कारण वजन कम करना था।

बता दें कि, उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि मैं बहुत मोटा था और मेरा वजन 102 किलो था।

निशांत ने हैदराबाद में कोचिंग बियांड एकेडमी से क्रिकेट के गुर सीखे हैं। इस एकेडमी को पूर्व फील्डिंग कोच आर श्रीधर चलाते हैं, उन्होंने कहा था कि मैंने बैडमिंटन खेलने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुआ। मैंने टेनिस भी खेलने की कोशिश की लेकिन फिर असफल रहा। इसलिए मैंने मनोरंजन के लिए क्रिकेट खेलना शुरू किया और उसके बाद सब कुछ इतनी तेजी से हुआ कि मुझे भी आश्चर्य होता है कि आखिर हुआ क्या था? क्योंकि मुझे लगता था कि मैं खेलों के लिए नहीं बना हूं।



**निशांत ने वर्ल्ड कप 2023 में पाकिस्तान के लिए नेट बॉलर की भूमिका भी निभाई थी। उस दौरान पाकिस्तान के कुछ टॉप खिलाड़ियों ने उनका आत्मविश्वास बढ़ाया।**

निशांत ने वर्ल्ड कप 2023 में पाकिस्तान के लिए नेट बॉलर की भूमिका भी निभाई थी। उस दौरान पाकिस्तान के कुछ टॉप खिलाड़ियों ने उनका आत्मविश्वास बढ़ाया। उन्होंने कहा कि, मेरे पास बहुत ज्यादा गति नहीं थी, लेकिन हारिस राउफ ने मुझसे कहा कि एक बार तुम 18 पार कर जाओगे, तो तुम और ज्यादा मांसपेशियां बना लोगे और गति अपने आप आ जाएगी। और हुआ भी यही, मोर्केल सर ने भी यही बात कही और मेरा फोन नंबर भी लिया।

# गाजियाबाद में रोड जाम करने वाले 78 लोगों पर रिपोर्ट

## हत्यारोपियों की गिरफ्तार की मांग, शव सड़क पर रखकर लगाया तीन घंटे जाम



**मोदीनगर करंट क्राइम।** गाजियाबाद के मोदीनगर में कस्बा निवाड़ी निवासी युवक शिव सैनी की मौत के मामले में मोदीनगर निवाड़ी मार्ग को जाम करने के मामले में 15 नामजद सहित 78 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। देर ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगाया था।

कस्बा निवाड़ी निवासी कुसुमलता के पति भोपाल सैनी की मौत हो चुकी है। छोटा बेटा शिव सैनी 18 ने कस्बा निवासी किसान के खेत ठेके पर लिए हुए थे। दो दिन पहले खेत में कबाड़ जलाते समय पड़ोसी किसान की ईख जल गई थी।

किसान ने शिव की लापरवाही मनाते हुए उस पर सवा लाख रुपए का जुमार्ना लगाया था। इसके बाद शिव सैनी लापता हो गया था। उसका शव अमरूद के पेड़ से लटका मिला था।

परिजनों ने आरोपी किसान रत्न त्यागी, कपिल त्यागी और मंगल सैन पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने पर हंगामा किया था। पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। देर शाम जैसे ही पोस्टमार्टम के बाद शिव सैनी का शव कस्बे में पहुंचा, तो लोगों में आक्रोश पैदा हो गया।

परिजनों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शिव सैनी का शव मोदीनगर-निवाड़ी मार्ग पर रख कर जाम लगा दिया। महिला आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग के लिए सड़क पर ही धरना देकर बैठ गईं। आक्रोशित भीड़ ने सड़क पर वाहन खड़े कर दिए। कुछ ही देर में वहां जाम लगना शुरू हो गया और देखते ही देखते वाहनों की लंबी कतार लग गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। मगर वह हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान कई बार पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच नोकझोंक भी हुई। स्थिति बिगड़ते देख निवाड़ी के अलावा मोदीनगर और भोजपुर से पुलिस फोर्स बुला लिया गया। पीएसी को भी मौके पर बुलाया गया।

पुलिस ने आक्रोशित लोगों के रूख को देखते हुए मोदीनगर और निवाड़ी गंगनहर पटरी मार्ग से रूट डायवर्ट किया। घंटों तक पुलिस और आंदोलनकारियों के बीच वार्ता हुई। मगर वह हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहें।

एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने किसी तरह समझाकर भीड़ को शांत किया। एसीपी ने उन्हें आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का भरोसा दिया। इसके बाद शाम करीब रात आठ बजे बजे भीड़ ने जाम खोल दिया।

एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि सड़क पर शव रखकर जाम लगाने के मामले में 15 नामजद और 60 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# किशोरी से छेड़छाड़ के विरोध पर हमला

## घर में घुसकर दबंगों ने तोड़फोड़ की, पीड़ित के पिता को पीटा, 4 के खिलाफ एफआईआर

**मोदीनगर करंट क्राइम।** गाजियाबाद के मोदीनगर की एक कॉलोनी में किशोरी से छेड़छाड़ का विरोध करने पर दबंगों ने घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में किशोरी के पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपियों ने किशोरी को भी पीटा और घर में तोड़फोड़ की। घायल पिता को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने 4 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।




गोविंदपुरी क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति की 14 वर्षीय साल की बेटी है। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला एक युवक आए दिन स्कूल जाते समय अश्लील फब्तियां कसते हुए छेड़छाड़ करता है। किशोरी ने शुरू में नजर अंदाज किया मगर आरोपी का दुस्साहस बढ़ गया और वह उसे बाहर आते-जाते समय भी परेशान करने लगा।

किशोरी ने पिता को आपबीती बताई। पिता ने आरोपी से घटना का विरोध जताया तो आरोपी बिफर गया और गाली गलौज कर दी। व्यक्ति चुपचाप अपने घर आ गया। आरोप है कि आरोपियों ने धारदार हथियार और लाठी डंडों से लैस होकर मेरे घर में घुस गए। आरोपियों ने किशोरी के पिता के सिर पर धारदार हथियार और पंच से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर सुनकर लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मोनू, आशीष, गोपाल और अनिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।




### रामलीला में हो गया फजीता वोट मांगने को लेकर भिड़ गये चाचा भतीजा

अकेले शहर में चुनाव की रणभेरी नही बज रही हैं ये बिगुल तो पुराने शहर के रामवालों में भी बज गया है। मैदान में आकर वोट सपोर्ट वाला सीन हो रहा है। जो बाबा प्रधान बनने से पहले नित नये तकमिन्रे काटते थे और कहते थे कि हर दो साल पर चुनाव होना चाहिये अब वो कह रहे हैं कि चुनाव की जरूरत ही क्या हैं। मेरी मानो तो पूरा मामला ऑन द टेबल सेट कर लो। चार उनके ले लो तीन हमारे कर लो। रामलीला मैदान में घमासान होने के आसार बन रहे हैं। साजू चाहते हैं कि खातों वाले चौधरी ने बहुत काजू खा लिये अब ये खाते मुझे संभालने होगें। मंडी वाले महामंत्री भी चुनावी रण में कूद गये हैं चाचा के सामने जब उन्होने वोट मांगे तो चाचा ने उन्ही में खोट निकाले। भतीजा वोट मांग रहा था और चाचा को क्रोध आ गया। जिनसे वोट मांगे जा रहे थे उन्ही से चाचा ने पूछा कि क्यों जी ये आज से पहले भी आपको भाईसाब कहता था कि या आज ही इसकी जुबान से शहद टपक रहा है। सुना है कि चाचा इतने अपसेट हो गये कि भतीजे को गेटआऊट कह दिया। कह दिया कि मेरे सामने वोट मांगने की जरूरत नही हैं।

### जिनका था एक जमाना उनके लिये युवा भाजपाईन ने पूछा हू इज कसाना

फूल वालों के यहां पुराने कमल मुरझा गये और नये कमल इन दस सालों में खिले हैं। पुरानों को अहमियत दी जाती तो नये वालों को जरूर पता होता कि ये शख्सयित हमारे ही दल की है। वरिष्ठों का इस कमल के खिलने में कितना योगदान रहा है ये कम से कम इन युवा और नए चेहरों को पता होना चाहिए। युवा भाजपाईन के पास रीजनल कमेटी वाला पद रहा है लेकिन जब उन्होंने वरिष्ठ नेता को जाते देखा तो उनकी जुबान से निकले शब्दों ने हद ही कर दी। उनके सामने से जब भगवा फसाना निकले तो युवा भाजपाईन ने किसी से उनके बारे में पूछा। जिससे पूछा वो ही पहले तो चौंका फिर बताया कि ये वरिष्ठ भाजपाई फसाना जी हैं जिन्होंने अपनी सियासी लाईफ की सारी एनर्जी फ्लॉवर को यहां तक लाने में लगाई है। इस पर भी युवा भाजपाईन ने कोई रिस्पांस नही दिया और फिर फसाना जी का सियासी पद पूछा। बताने वाले ने बताया कि प्रदेश वाली कमेटी में हैं। इस पर युवा भाजपाईन के चेहरे के भाव ये बता गये कि वरिष्ठों को लेकर भी एक कार्यशाला लगनी चाहिए। ये वो वरिष्ठ हैं जिन्हें भले ही कुछ नहीं मिला लेकिन उन्हें कभी इस बात का गिला नहीं रहा और कार्यकर्ता भाव के साथ काम करते रहें हैं। कहने वाले ने कहा कि अगर इन यूथ नेताओं को सही से जानकारी दी जाती और उन्होंने जमीनी राजनीति की होती तो उन्हें कम से कम पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के बारे में पूरी जानकारी होती। वो वरिष्ठ होने के बाद भी एक्टिव रहते हैं। वर्षभर कार्यक्रम करते हैं और सियासत से लेकर समाजिकता तक पूरे एक्टिव रहते हैं। अगर पार्टी के यूथ चेहरों को भी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के बारे में जानकारी नहीं होगी तो इसे पार्टी के भविष्य के लिए कहीं से भी अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता। वरिष्ठों का सम्मान होना चाहिए।

### कुछ तो हैं मन में टीस तभी तो रिलेटिव का नाम रखा गया है मास्टर पीस

निगम वाली बगिया में कहने को तो फूल ही फूल खिले हैं मगर हकीकत ये हैं कि बड़े फूल से लेकर छोटे फूल की बात अगर फूल वालों से ही करों तो उनकी जुबान पर भी बबूल वाला स्वाद आ जाता है। फूल वालों में ही किसी को इस बात का गिला कि अड़े हम लड़े हम और हमें ही कुछ नही मिला। कुछ के पास पूरा हिसाब है और एक एक की ईमानदारी का फुल शिजरा निकाले बैठे हैं। सरकार से लेकर रिश्तेदार तक वो सब जानते हैं कि हो क्या रहा है और दिखाया क्या जा रहा है। बोर्ड वाली बैठक से ही बात बाहर आई कि अब कई बातों का कोड फिक्स हो गया है। वो बता रहे हैं कि अजी खुलकर कहने में थोड़ा रिस्क हो गया हैं। नये कोड की चर्चा बोर्ड वालों में हैं। सुना है एक रिश्तेदार का कोड नेम ही मास्टर पीस हो गया है। बताया जाता है कि निगम में इन वालें मास्टर पीस का जलवा वबाग से लेकर साहब तक सबको पता है। कहने वाले ने कहा कि कुछ तो होगी ही फूल वालों के मन में टीस तभी तो रिलेटिव का नाम रखा।

## न्यूज डायरी

### दशहरे का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया गया

**लोनी, करंट क्राइम।** दशहरे का त्यौहार क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया। विभिन्न स्थानों पर हो रही रामलीलाओं में रावण, कुंभकर्ण तथा मेघनाथ का पुतला फूंककर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया।
कस्बे की श्री आदर्श रामलीला कमेटी ने इस वर्ष रावण, कुंभकर्ण तथा मेघनाथ के पुतले बनाए थे। नगर में राम रावण दल के युद्ध की झांकिया निकाली गई। जिसके बाद रामलीला ग्राउंड पर पहुंचकर राम ने रावण की नाभि में तीर मारकर उसका अंत किया। जिसके बाद पुतले फुंके गए। पुतले दहन देखने के लिए भारी संख्या में लोग एकत्र हुए। किसी तरह पुलिस ने व्यवस्था संभाली। बच्चों और महिलाओं ने इस मौके पर आयोजित मेले में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनन्द लिया।

### दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार



**लोनी, करंट क्राइम।** युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मुख्य आरोपी तथा उसके दो नाबालिग साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले पड़ोसी को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसीपी सूर्यबली मोर्या ने बताया कि ट्रॉनिका सिटी थाने की एक युवती ने चांद और उसके चार साथियों पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दज कराई थी। पुलिस ने चांद तथा उसके दो नाबालिग साथियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की है। एक दूसरे मामले में ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ पडोसी अब्दुल के विरुद्ध दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने अब्दुल को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### बहन के ससुरालियों ने बंधक बनाकर मारपीट की



**लोनी, करंट क्राइम।** एक महिला ने ससुरालियों पर अपने तथा अपने भाई को बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। अंकुर विहार थाने की वेदविहार कॉलोनी निवासी गरिमा सिंह ने बताया कि उसका ससुरालियों से मनमुटाव चल रहा है। आठ अक्टूबर को उसके ससुरालियों ने उसके भाई को सुलह समझौते के लिए बुला लिया। आरोप है कि ससुरालियों ने बहन-भाई को एक कमरे में बंधक बना लिया और जमकर मारपीट की और कपड़े फाड़ दिए। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल वाले उसके मायके वालों को जान से मरवाने की धमकी भी दे रहे हैं। पीडिंता ने पति रजनीश, ससुर त्रिलोकी सिंह तथा सास उषा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

# मलेशिया में चल रही ओपन इंटरनेशनल मास्टर्स एथलेटिक: गाजियाबाद की महिला एथलीट ने जीता गोल्ड, 37 देश ले रहे हैं भाग



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मलेशियाई में चल रही 36वी ओपन इंटरनेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप में गाजियाबाद की डॉक्टर ऋचा सूद ने शॉट पुट में स्वर्ण पदक। जीत है। इस प्रतियोगिता में मलेशिया दूसरे नंबर पर जबकि तीसरे नंबर पर भी भारत की महिला एथलीट रही।

ऋचा सूद ने बताया कि बकेट जलील कुआला लंमपुर मलेशिया में चल रही इस चैंपियनशिप में पूरी दुनिया से 37 देशों ने भाग लिया। जिसमें 1300 से ज्यादा एथलीट भाग ले रहे हैं। पूरे भारत से 139 एथलीट्स ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। शॉट पुट थ्रो में प्रथम स्थान पर ऋचा सूद भारत, द्वितीय स्थान पर चान नियेत फुई मेलाखा मलेशिया एवं तृतीय स्थान पर फैसी जॉर्ज भारत रही।

इसमें बहुत ही कड़ा मुकाबला था लेकिन ऋचा सूद ने पहले ही थ्रो से बढ़त बना ली थी और अंतिम थ्रो तक बढ़त बनाए रखी। इससे पहले ऋचा सूद ने भारत के लिए ब्रोंज मेडल जीता था। जो पिछले साल 11 नवंबर 2023 को फिलिपींस मास्टर्स एशियन गेम्स में मिला था।

परंतु इस बार स्वर्ण पदक जीतकर गाजियाबाद के लिए एक नया इतिहास रचा और अपने आयु वर्ग में इस अंतरराष्ट्रीय स्तर की वर्ल्ड चैंपियनशिप में शॉट पुट में प्रथम स्थान लिया।

# मारपीट के आरोपी दरोगा पर 9 साल बाद मुकदमा

**जेवर करंट क्राइम।** दनकौर कस्बे के एक युवक ने मारपीट के 9 साल पुराने मामले को लेकर दरोगा के खिलाफ केस दर्ज कराया है। युवक का कहना है कि घटना के समय भी उसने तहरीर दी थी, पर पुलिस ने आज तक मुकदमा दर्ज ही नहीं किया। अंततः कोर्ट की मदद से उस का केस दर्ज लिया गया है। दनकौर निवासी असलम सैफी ने बताया कि 13 अगस्त 2015 को उनके परिवार में विवाद हुआ था, जिसके बाद वे कोतवाली पहुंचे थे। आरोप है कि थाने में सिविल वर्दी में तत्कालीन दरोगा परशुराम यादव ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए जमकर मारपीट की। इस घटना में उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिसके लिए उन्होंने कई महीनों तक अस्पतालों में इलाज करवाया। स्वास्थ्य में सुधार होने पर असलम ने मामले की शिकायत कोतवाली में की, लेकिन वहां से उन्हें भगा दिया गया। निराश होकर उन्होंने अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर काटे, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# भारी मात्रा में अवैध पटाखों सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल



**लोनी, करंट क्राइम।** टीला मोड़ थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दरोगा फार्म हाउस के पास वैगनआर कार से अवैध आतिशबाजी पटाखे सहित एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। कार में 10 डिब्बों में कोल्ड प्यारो पटाखे थे। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम फिरोज उर्फ गड्डू पुत्र मकीसू निवासी असलातपुर बताया। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर अभियुक्त को जेल भेज दिया है। जबकि मुखबिर की सूचना पर ही भारत सिटी के पीछे एक दुकान में निर्मित अधनिर्मित भारी मात्रा में अवैध पटाखे पुलिस ने पकड़के। छापा मारकर पटाखे बेचने वाला अभियुक्त पटाखे सहित गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसने भी अपना नाम समीर पुत्र हारूल निवासी असालतपुर बताया। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

एसीपी सलोनी अग्रवाल ने बताया कि दो अवैध पटाखे बेचने वाले अभियुक्त मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पकड़े हैं तथा वैधानिक कार्रवाई कर जेल भेज दिए गये हैं।

# नोएडा में 2 करोड़ साइबर ठगी करने वाले 3 गिरफ्तार: रिटायर्ड मेजर जनरल से की थी ठगी, स्टूडेंट्स के खातों में ट्रांसफर कराई थी रकम

**नोएडा करंट क्राइम।** जयपुर साइबर क्राइम पुलिस ने रिटायर्ड मेजर जनरल से 2 करोड़ की ठगी करने वाले तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में कानाराम गुर्जर, ललित कुमार और सचिन कुमार शामिल हैं। तीनों को छालान रोड, मानसरोवर से पकड़ा गया। इस गैंग का सरगना राजकुमार, जिसे मुंबई पुलिस ने 2 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था, पहले से हिरासत में है।



### एनसीआरपी पोर्टल पर 76 शिकायतें दर्ज

गिरफ्तार आरोपी सचिन से पूछताछ में पता चला कि उसके द्वारा उपलब्ध कराए गए खातों के खिलाफ एनसीआरपी पोर्टल पर कुल 76 शिकायतें दर्ज हैं, जिनमें तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, गुजरात, झारखंड, केरल, ओडिशा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड से संबंधित शिकायतें शामिल हैं।

### कैसे रिटायर्ड मेजर जनरल को फंसाया गया

साइबर क्राइम एसीपी प्रीति यादव ने बताया कि पीड़ित रिटायर्ड मेजर जनरल सेक्टर 31, जयपुर में रहते हैं। 27 अगस्त को उन्होंने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज करवाई कि एक व्यक्ति ने डीएचएल कोरियर सर्विस का कर्मचारी बनकर उनके मोबाइल और आईडी का गलत इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग के लिए किए जाने का आरोप लगाते हुए जांच का डर दिखाया। इसके बाद ठग ने खुद को फर्जी डीसीपी राजपूत बताकर स्काई ऐप डाउनलोड करने का दबाव डाला और वीडियो कॉल के जरिए उन्हें डिजिटल कस्टडी में ले लिया। इसके बाद ठगों ने उनकी फिक्स्ड डिपॉजिट तोड़कर राशि को फर्जी बैंक खातों में जमा कराया। इस ठगी का शिकार होने पर मेजर जनरल ने साइबर क्राइम में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद आरोपियों के बैंक खातों और मोबाइल नंबरों की जांच शुरू की गई। गिरफ्तार साइबर ठगों ने पूछताछ में बताया कि वे वरिष्ठ नागरिकों और रिटायर्ड अधिकारियों को पुलिस अधिकारी बनकर कॉल करते थे। स्काई ऐप के जरिए उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर समझौते के नाम पर ठगी की जाती थी।

ठगी से प्राप्त धनराशि जयपुर और जोधपुर में पीजी में रह रहे छात्रों और रेस्टोरेंट कर्मचारियों के खातों में ट्रांसफर करवाई जाती थी।

### साइबर जागरूकता के लिए एडवाइजरी जारी

डिजिटल अरेस्ट पुलिस किसी को भी फोन काल पर डिजिटल अरेस्ट नहीं करती है। आरबीआई या किसी अन्य संस्था द्वारा फिजिकल मनी का आपके खाते से सत्यापन नहीं किया जाता है। ऐसा कोई सरकारी बैंक खाता या आरबीआई का एसएसए खाता नहीं है जिसमें आपसे पैसे ट्रांसफर कराकर उस पैसे की जाँच की जाती हो। इस तरह से सीबीआई अधिकारी, साइबर अधिकारी, आरबीआई या किसी अन्य संस्था का अधिकारी बनकर आपके पास फोन काल/ विडियो काल आती है और जांच के नाम पर पैसे को ट्रांसफर किए जाने हेतु कहा जाता है या मनी लांड्रिग के केस का भय दिखाया जाता है तो तत्काल अपने निकटवर्ती थाना से संपर्क करें। तथा साइबर हेल्प लाईन नंबर 1930 पर काल करें।




### गोली चलाने में टॉप पर हैं लाइनपार वाले

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में मौसम बदलने का असर दिखने लगा है। वहीं कमिश्नरेट में हवा परिवर्तन की भी बातें सुनने को मिलती रहती हैं। इन सबके बीच ताजी सूचना यह है कि पुलिस कमिश्नरेट के सिटी वाले जोन में इन दिनों एक सर्किल की लगातार टीआरपी अपनी वर्किंग की वजह से बनी है। सुनने में आ रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले एक थाने के प्रभारी और उनकी टीम लगातार गोली चलाने के मामले में टॉप पर चल रही है। वैसे ऐसी कोई रैकिंग या डेटा नहीं जारी किया गया है पर सूत्रों की चचर्चा बता रही है कि इसी बातें कई कार्यालयों में हो रही हैं। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जब से थाने में एक टू-स्टार आए हैं तब से थ्री-स्टार की जोड़ी बढ़िया बन गई है। लगातार खुलासों पर खुलासे हो रहे हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि पूरा दारोमदार इलाके के एसीपी साहब संभाले हुए हैं। जब से उन्होंने सिटी के एक सर्किल को संभाला है उनके दोनों थानाक्षेत्रों में पुलिस मुठभेड़ की वारदातों को जमकर अंजाम दे रही है। कभी लूटपाट करने वाले पुलिस की गोली का शिकार बन रहे हैं, तो कभी झपटमारों की टांग पर पुलिस के निशाने लग रहे हैं। इसके साथ ही पुलिस का सटीक निशाना गौकाशी करने वालों पर भी बीते दिनों लाइनपार पुलिस ने जिस तरीके से अटैक वाला मोड अपनाया था, उसकी चर्चा हो रही है। उसके बाद पुलिस कमिश्नरेट में चर्चा शुरू हो गई है की गोली चलाने के मामले में लाइनपार वाले कोतवाल और उनकी टीम टॉप पर चल रहे हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र और पूर्व के अधिकारियों का कहना है कि इससे पहले भी जब लाइनपार वाले सिटी के एक थाने में थे, तो वह होल्ड और मौन वाला मोड अपनाते थे लेकिन सिटी में जब से एसीपी ने चार्ज संभाला है, तब से लाइनपार वालों की टीआरपी में बढ़ोत्तरी हो गई है। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत खेत वाले थाने और खास कार्यालय से जुड़े वाले टू-स्टार के थानाक्षेत्र में भी एक के बाद एक कई खुलासे हो रहे हैं। कुल मिलाकर कहा जाए तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सिटी जोन के अंतर्गत इस समय लाइनपार वाली टीम गोली चलाने के मामले में टीआरपी के लिहाज से टॉप पर बनी हुई नजर आती है।




# सामूहिक दुष्कर्म का दोषी वृद्ध अंतिम सांस तक काटेगा सजा

## 2021 में नाबालिग किशोर के साथ मिलकर की थी घटना, किशोर को 20 साल की सजा

**न्यायाधीश उमाकांत जिंदल ने अपने फैसले में कहा कि आरोपी अकबर एक बुजुर्ग व्यक्ति होने के नाते पीड़िता की सुरक्षा और देखभाल का सामाजिक दायित्व निभाने में असफल रहा। इसके बजाय उसने बाल अपचारी के साथ मिलकर राक्षसी प्रवृत्ति का कृत्य किया। इस वजह से उसे किसी प्रकार की सहानुभूति नहीं दी जा सकती।**

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में पॉक्सो एक्ट की विशेष अदालत ने मानसिक रूप से बीमार युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में 70 वर्षीय वृद्ध और एक नाबालिग को दोषी करार दिया है। वृद्ध को आजीवन कारावास यानी अंतिम सांस तक जेल की सजा और नाबालिग को 20 साल की सजा सुनाई गई है।

हापुड़ के हाफीजपुर थाना क्षेत्र में 2021 में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना में न्यायालय ने दोषियों को कड़ी सजा सुनाई है। एक मानसिक रूप से बीमार युवती के साथ 70 वर्षीय अकबर और एक किशोर ने मिलकर दुष्कर्म किया था।




### 20 साल की सजा और 20 हजार रुपये के जुमार्ना

विशेष लोक अभियोजक हरेंद्र त्यागी ने बताया कि न्यायाधीश उमाकांत जिंदल ने अपने फैसले में कहा कि आरोपी अकबर एक बुजुर्ग व्यक्ति होने के नाते पीड़िता की सुरक्षा और देखभाल का सामाजिक दायित्व निभाने में असफल रहा। इसके बजाय उसने बाल अपचारी के साथ मिलकर राक्षसी प्रवृत्ति का कृत्य किया। इस वजह से उसे किसी प्रकार की सहानुभूति नहीं दी जा सकती। वहीं, दोषी किशोर को 20 साल की सजा और 20 हजार रुपये के जुमार्ने की सजा दी गई है।

इस मामले में पीड़िता की मां ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें कहा गया था कि उसकी 19 वर्षीय बेटी मानसिक रूप से बीमार है। घटना वाले दिन पीड़िता के माता-पिता मजदूरी करने के लिए गए हुए थे। जब वे शाम को घर लौटे, तो उनकी बेटी घर पर नहीं मिली।

पीड़िता की तलाश के दौरान तालाब के पास खेल रहे बच्चों से जानकारी मिली कि 70 वर्षीय अकबर और एक किशोर ने उसे 10 रुपये का लालच देकर खेत में ले जाया था। जब पीड़िता के परिजन खेत पहुंचे, तो उन्होंने अकबर और किशोर को वहां से भागते देखा। पीड़िता बदहवास हालत में खेत के किनारे मिली, जिसके कपड़े अस्त-व्यस्त थे। पूछताछ में पीड़िता ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने 70 वर्षीय अकबर और किशोर के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की।

### कानूनी कार्रवाई और न्यायालय का फैसला

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत में पुलिस ने इस मामले में चार्जशीट दाखिल की, जिसके आधार पर मुकदमा चला। अदालत ने 70 वर्षीय अकबर को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई, जो उसकी अंतिम सांस तक लागू रहेगी। इसके अलावा, उस पर एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया।

# झंडापुर में माता के भजनों पर झूमे भक्तजन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** ग्राम विकास समिति झंडापुर द्वारा 21 वां वार्षिकोत्सव भव्य भगवती जागरण के साथ संपन्न होगा। झंडापुर गांव रोड नंबर 12 निकट साधु आश्रम सवा महीने माता का पंडाल लगाकर मां भागवत का पाठ कराया जिसमें संस्थापक पालेराम चौधरी, अध्यक्ष रामविलास छोकर, संरक्षक सुरजीत सिंह राघव, महासचिव भूपेंद्र उपाध्याय, पाषर्द सुरेश पाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र छोकर, अभिषेक परिहार कोषाध्यक्ष उपाध्यक्ष कैलाश राणा सचिव सचिन शर्मा, सह सचिव प्रमोद राघव, सह निशांत शर्मा, अरुण राघव, नवीन चौधरी, संतोष यादव, बेदी चौधरी, पंकज भगत ने बताया कि प्रतिवर्ष की भाति मां भगवती का भव्य जागरण कर मण्डल अपना वार्षिकोत्सव मनाती आ रही है। इस वर्ष 21 वें वार्षिक उत्सव पर सुंदर व जीवंत झांकियों के साथ माता को चुनरी भेंट व गजरा अर्पण सहित विशेष आकर्षण के बीच भजन गायिका छमा तिवारी, गायक अमित चौधरी म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा भजनों की विशेष प्रस्तुति दी जायेगी। उल्लेखनीय है कि विभिन्न सामाजिक कार्यों के लिए। धर्मिक आयोजनों के लिए मण्डल जाना पहचाना जाता है। इसके अतिरिक्त सामाजिक दायित्वों में भी मंडल के द्वारा पूर्व में साथ-साथ निर्धन कन्या विवाह व भण्डारे इत्यादि के लिए मंडल प्रमुख रहा है। इस दौरान शनिवार को सुबह से साय तक भंडार चलता रहा जिसमे हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# अमेरिका ने ईरान पर लगाए नए प्रतिबंध

## दोस्त इस्राइल पर किए गए हमले का ऐसे लिया बदला



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने अपने दोस्त इस्राइल पर हुए हमले को लेकर सख्ती दिखाई है। वॉशिंगटन ने ईरान द्वारा इस्राइल पर किए गए बैलिस्टिक मिसाइल हमले के मद्देनजर उसके तेल और पेट्रोकेमिकल्स क्षेत्रों पर नए प्रतिबंध लगा दिए हैं। ट्रेजरी विभाग का कहना है कि इस कार्रवाई से ईरान पर वित्तीय दबाव बढ़ेगा। साथ ही क्षेत्र में स्थिरता को कमजोर करने और अमेरिकी साझेदारों एवं सहयोगियों पर हमला करने के लिए महत्वपूर्ण ऊर्जा राजस्व अर्जित करने की शासन की क्षमता सीमित होगी। बता दें, ईरान ने एक अक्तूबर को इस्राइल पर हमला किया था। इस पर इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू लगातार बदला लेने की कदम खा रहे हैं।

### खाड़ी राज्य इस्राइल को तेल साइटों पर हमला करने...

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि इस्राइल को ईरान के तेल क्षेत्रों पर हमला करने के विकल्प तलाशने चाहिए। खाड़ी के तीन सूत्रों ने बताया कि खाड़ी राज्य इस्राइल को तेल साइटों पर हमला करने से रोकने के लिए वाशिंगटन से पैरवी कर रहे हैं क्योंकि उन्हें चिंता है कि अगर संघर्ष बढ़ता है तो उनकी अपनी सुविधाएं तेहरान के प्रॉक्सी के हमले की चपेट में आ सकती हैं।

### ईरानी पेट्रोलियम व्यापार में लगी छह संस्थाओं पर प्रतिबंध

ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिकी विदेश विभाग ने ईरानी पेट्रोलियम व्यापार में लगी छह संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाए हैं और छह जहाजों को अवरुद्ध संपत्ति के रूप में पहचाना है। इन पर आरोप है ये जानबूझकर ईरान से पेट्रोलियम या पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद, अधिग्रहण, बिक्री, ट्रांसपोर्ट या मार्केटिंग के लिए अहम लेन देन का हिस्सा रहे हैं। साथ ही ट्रेजरी विभाग राज्य विभाग की सलाह से एक फैसला ले रहा है, जिसके तहत ईरानी अर्थव्यवस्था के पेट्रोलियम या पेट्रोकेमिकल क्षेत्रों में काम करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ प्रतिबंध लगाए जाएंगे।

इसके अलावा, अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने 10 संस्थाओं के विरुद्ध प्रतिबंध लगाए हैं तथा 17 जहाजों को अवरुद्ध संपत्ति के रूप में चिह्नित किया है, क्योंकि वे अमेरिकी-नामित संस्थाओं नेशनल ईरानी ऑयल कंपनी या ट्रिलिएंस पेट्रोकेमिकल कंपनी लिमिटेड के समर्थन में ईरानी पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल उत्पादों की खेप भेजने में शामिल थे।

**यह फैसला आतंकवादियों को किसी भी तरह की मदद करने से रोकेगा :** अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि ये फैसला ईरान को अपने मिसाइल कार्यक्रमों पर रोक लगाने और आतंकवादियों को किसी भी तरह की मदद करने से रोकेगा।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार जारी

## दुर्गा पूजा पंडालों को 35 बार बनाया गया निशाना



**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हमलों की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। हालात ये हैं कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोग शांति से दुर्गा पूजा उत्सव भी नहीं मना पाए और दुर्गा पूजा पंडालों को कट्टरपंथियों द्वारा निशाना बनाने की 35 घटनाएं हुईं। पुलिस ने बताया कि नवरात्रि उत्सव के दौरान बीते एक महीने में पूरे देश में दुर्गा पूजा पंडालों में 35 अप्रिय घटनाएं हुई हैं।

### 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया

गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले ही बांग्लादेश के प्रसिद्ध जेशोरेश्वरी मंदिर में मां काली का मुकुट चोरी होने की घटना घटी थी। यह मुकुट प्रधानमंत्री मोदी ने साल 2021 में बांग्लादेश दौरे पर मां काली की प्रतिमा को भेंट किया था। ढाका के इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस मोहम्मद मोइनुल इस्लाम ने बताया कि '1 अक्तूबर के बाद से दुर्गा पूजा पंडालों में 35 अप्रिय घटनाएं दर्ज हुई हैं। इन मामलों में 11 एफआईआर दर्ज हुई हैं और 24 मामले जनरल डायरी में दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में पुलिस ने 17 लोगों को गिरफ्तार किया है।'

आईजीपी इस्लाम ने आश्वासन दिया कि पुलिस के पास घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों का रिकॉर्ड है और कहा कि इन घटनाओं में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कानून के मुताबिक कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले गुरुवार को ढाका से लगभग 250 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में चटगांव के जत्रा मोहन सेन हॉल में दुर्गा पूजा मंडप के मंच पर आधा दर्जन लोगों ने इस्लामी क्रांति का आह्वान करते हुए एक गीत गाया, जिससे व्यापक आक्रोश फैल गया। सोशल मीडिया पर भी इसे लेकर खूब चर्चा हुई और बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति को लेकर चिंता जाहिर की गई। इस घटना को लेकर आईजीपी ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है।

**चटगांव की घटना पर हिंदू समुदाय में रोष :** इस बीच, सरकारी समाचार एजेंसी बांग्लादेश संगबाद संघ (बीएसएस) ने कहा कि तीनों सेनाओं के प्रमुख सेना प्रमुख जनरल वाकर-उज-जमा, नौसेना प्रमुख एडमिरल एम नजमुल हसन और वायु सेना प्रमुख एयर मार्शल हसन महमूद खान ने शुक्रवार को ढाका में रमना काली मंदिर का दौरा किया। युवा और खेल सलाहकार आसिफ महमूद सजीब भुइयां ने शुक्रवार को खुलना में गल्लामारी हरिचंद टैगोर मंदिर और बागमारा गोविंदा मंदिर में दुर्गा पूजा पूजा मंडपों में हिंदू समुदाय के सदस्यों के साथ शुभकामनाएं साझा कीं। रविवार को मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस राष्ट्रीय राजधानी के मध्य में स्थित प्रमुख शक्तिपीठों में से एक, सदियों पुराने ढाकेश्वरी राष्ट्रीय मंदिर का दौरा करेंगे।

पिछले महीने की शुरूआत में, दुर्गा पूजा समारोह से कुछ सप्ताह पहले इस्लामी समूहों की धमकियों के मद्देनजर, अंतरिम सरकार के धार्मिक मामलों के सलाहकार एएफएम खालिद हुसैन ने हिंदू त्योहार के दौरान सांप्रदायिक सद्भाव को बाधित करने या पूजा स्थलों को निशाना बनाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी थी।

### भारतीय विदेश मंत्रालय ने जताई चिंता

बांग्लादेश में काली मंदिर से मुकुट चोरी होने की घटना और दुर्गा पूजा पंडालों पर हमले पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मंदिरों और देवताओं को अपवित्र करने की घटनाएं निंदनीय हैं। बांग्लादेश सरकार हिंदुओं, अल्पसंख्यकों और उनके पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।



# कमला हैरिस के समर्थन में संगीतकार एआर रहमान

## रिकॉर्ड किया 30 मिनट का वीडियो

**वाशिंगटन।** अमेरिका में अगले महीने राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है। इस चुनाव के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस के बीच कांटे की टक्कर है। चुनाव प्रचार के बीच भारत के मशहूर संगीतकार एआर रहमान कमला हैरिस के समर्थन में दिख रहे हैं। उन्होंने कमला हैरिस का हौसला बढ़ाने के लिए अपने प्रदर्शन का 30 मिनट का एक वीडियो रिकॉर्ड किया। रहमान दक्षिण एशिया के पहले ऐसे कलाकार हैं, जिन्होंने कमला हैरिस का समर्थन किया।

> रहमान दक्षिण एशिया के पहले ऐसे कलाकार हैं, जिन्होंने हैरिस का समर्थन किया

### कमला हैरिस के समर्थन में एआर रहमान

एएपीआई विक्ट्री फंड के अध्यक्ष शेखर नरसिम्हन ने कहा कि इस पदर्शन के साथ एआर रहमान ने उन नेताओं और कलाकारों के समूह में अपनी आवाज शामिल की जो अमेरिका में प्रगति के लिए खड़े हैं। उन्होंने आगे कहा, ₹यह एक संगीत कार्यक्रम से बहुत अधिक है। यह हमारे समुदायों के लिए कार्रवाई का आह्वान है कि वे उस भविष्य के लिए संलग्न हों और मतदान करें जिसे हम देखना चाहते हैं।

### 13 अक्तूबर को किया जाएगा प्रसारित

एएपीआई विक्ट्री फंड का मानना है कि यह प्रदर्शन चुनाव में एएपीआई मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका और हैरिस-वाल्ज टिकट के पीछे बढ़ती गति को रेखांकित करता है। कमला हैरिस के लिए समर्थन जुटाने के लिए विशेष प्रदर्शन को एएपीआई विक्ट्री फंड के यूट्यूब के साथ-साथ एवीएस और टीवी एशिया समेत प्रमुख दक्षिण एशियाई नेटवर्क पर भी प्रदर्शित किया जाएगा। इसे एएपीआई विक्ट्री फंड के यूट्यूब चैनल में 13 अक्तूबर को रात के आठ बजे प्रसारित किया जाएगा।

इस 30 मिनट के प्रदर्शन में रहमान के मशहूर गाने शामिल होंगे जिसमें कमला हैरिस की ऐतिहासिक उम्मीदवारी और एएपीआई समुदाय के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालने वाले संदेश भी होंगे।

# बांग्लादेश में कट्टरपंथियों ने दुर्गा पूजा पंडाल में गाए इस्लामी गीत, हिंदू समुदाय ने आपत्ति जताई



**ढाका।** बांग्लादेश में कट्टरपंथियों की तरफ से हिंदू समुदाय को लगातार परेशान और उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाया जा रहा है। इस कड़ी में अब कट्टरपंथियों ने चटगांव शहर में दुर्गा पूजा के मंच पर इस्लामी गीत गाया है। जानकारी के मुताबिक लोगों के एक समूह ने खुद को एक सांस्कृतिक समूह का सदस्य बताया और गुरुवार शाम को चटगांव शहर के जेएम सेन हॉल में गीत गाना चाहा, तो पूजा समिति के सदस्यों ने इसकी अनुमति दे दी।

**पहले धर्मनिरपेक्ष गीत गाया, फिर गाए इस्लामी गीत :** इसके बाद प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि पहले समूह ने एक धर्मनिरपेक्ष गीत गाया, लेकिन दूसरा गीत इस्लामी गीत था। उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा पंडाल के मंच से इस्लामी गीत गाने से हिंदू समुदाय और वहां मौजूद हिंदुओं में आक्रोश फैल गया। मामले में पूजा समिति के अध्यक्ष असीस भट्टाचार्य ने बताया, हम मेहमानों के स्वागत में व्यस्त थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने इस्लामी गीत गाना शुरू कर दिया।

उन्होंने कहा, अधिकारियों की तरफ से उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जबकि पुलिस ने कहा कि वे घटना की जांच कर रहे हैं। इस मामले में दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।

**जेशोरेश्वरी मंदिर से चोरी हुआ मां का मुकुट :** वहीं इससे पहले गुरुवार को सतखीरा के श्यामनगर में जेशोरेश्वरी मंदिर से देवी काली का मुकुट चोरी होने की खबर मिली थी।

यह मुकुट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च, 2021 में मंदिर की अपनी यात्रा के दौरान भेंट की थी। ये चोरी की वारदात गुरुवार को दोपहर 2.00 बजे से 2.30 बजे के बीच हुई, जब मंदिर के पुजारी दिलीप मुखर्जी दिन भर की पूजा के बाद घर चले गए।

# 'अमेरिका लेबनान में समाधान चाहता है, न कि संघर्ष', युद्ध पर बोले अमेरिकी विदेश मंत्री



**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिकन ने लेबनान में राजनयिक समाधान और व्यापक संघर्ष को रोकने की उम्मीद जताई। उन्होंने एक फिर कहा कि इस्राइल को हिजबुल्ला के खिलाफ कुध की रक्षा करने का अधिकार है, लेकिन इस्राइल द्वारा लेबनान पर लगातार हमलों से वह चिंतित भी हैं। उन्होंने लेबनान के प्रधानमंत्री नजीब मिकाती और संसद अध्यक्ष नबीह बेरी से फोन पर बात भी की।

ब्लिंकन ने कहा, ₹हम क्षेत्र में व्यापक संघर्ष को रोकने के लिए कोशिश जारी रखेंगे। हम सभी एक ऐसा माहौल बनाना चाहते हैं, जहां लोग अपने घरों में वापस जा सकें। उनकी सुरक्षा हो सकें और बच्चे वापस से स्कूल जा सकें। लेबनान के लोग भी यही चाहते हैं। हमारा मानना है कि ऐसा कूटनीतिक समझ के माध्यम से ही होगा। इस पर हं कुछ समय से काम कर रहे हैं। हमारा ध्यान भी इसपर पूरी तरह से केंद्रित है।

अमेरिकी रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि लेबनान ईरान या हिजबुल्ला को देश की सुरक्षा और स्थिरता के रास्ते में आने की इजाजत नहीं दे सकता है। ब्लिंकन के बयान में इस्राइल और ईरान के बीच संभावित युद्ध विराम पर कोई चर्चा का उल्लेख नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि हिजबुल्ला के लंबे समय से प्रभाव के बाद लेबनान के विकास में अमेरिका देश का समर्थन करेगा। उन्होंने कहा कि लेबनान के लोग देश की तरक्की में रूचि रखते हैं और वे भविष्य की जिम्मेदारी लेने के लिए भी तैयार हैं। ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका गाजा में मानवीय स्थिति को लेकर इस्राइल के समक्ष चिंता व्यक्त कर रहा है।

बता दें कि पिछले साल हमास ने इस्राइल में घुसकर हमला किया था। इसका पलटवार करते हुए इस्राइल ने फलस्तीन के गाजा में लगातार हमले किए। इस्राइल का ने गाजा में जमीनी अभियान भी चलाया।

# भारतीय रेस्तरां मैनेजर की हत्या के लिए पाकिस्तानी शख्स को आजीवन कारावास, कार से मारी थी टक्कर



**लंदन।** भारतीय रेस्तरां मैनेजर विग्नेश पट्टाभिरामन (36) की हत्या के लिए पाकिस्तानी मूल के व्यक्ति शाजेब खालिद (25) को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। उसकी हत्या दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के रीडिंग में इस साल 14 फरवरी को साइकिल से घर जाते समय एक कार से टक्कर मारकर की गई थी। विग्नेश अपनी पत्नी के साथ नौकरी के लिए ब्रिटेन गए थे।

पिछले महीने रीडिंग क्राउन कोर्ट ने खालिद को हत्या का दोषी पाया था। पुलिस को जांच में पता चला था कि खालिद पट्टाभिरामन की हत्या रंजिश में की गई थी। उनकी हत्या इस गलत धारणा पर की गई थी कि उन्होंने अवैध आप्रवासियों को रोजगार की जांच के लिए विभागीय अधिकारियों को उकसाया था। विग्नेश 14 फरवरी को रीडिंग में भारतीय रेस्तरां वेल में अपने कार्यस्थल से साइकिल चलाकर घर वापस आ रहे थे। इसी दौरान एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी थी। सिर में चोट लगने के बाद अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। खालिद को 19 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था और उस पर हत्या का आरोप लगाया गया था।

त्या की जांच कर रही टेम्स वैली पुलिस ने अदालत को बताया कि पोस्टमार्टम से पता चला कि पट्टाभिरामन की मौत टक्कर के बाद सिर में चोट लगने से हुई थी। वरिष्ठ जांच अधिकारी स्टुअर्ट ब्रैंगविन ने कहा कि जजों ने खालिद को हत्या का दोषी पाया है। खालिद का इरादा उस शाम विग्नेश को नुकसान पहुंचाने का था। उन्होंने चोरी की गई रेंज रोवर कार से घटना को अंजाम दिया।

वहीं पट्टाभिरामन की मौत वाली शाम को खालिद और हुसैन के बीच कई बार बातचीत भी हुई। इससे साफ है कि हुसैन को हत्या की जानकारी थी। उसने खालिद की मदद की। विग्नेश की मौत ने उनके परिवार को तबाह कर दिया है। इस फैसले से उन्हें मदद मिलेगी।

पट्टाभिरामन के दोस्तों और परिवार ने विग्नेश की दुखी पत्नी राम्या की मदद के लिए ऑनलाइन स्थापित जस्ट गिविंग चैरिटी पहल के जरिये 52,500 ग्रेट ब्रिटिश पांउड से अधिक जुटा लिया है। एक परिजन ने श्रद्धांजलि में कहा कि विग्नेश रेस्टोरेंट वेल में प्रबंधक थे। जहां उन्होंने अपने काम में अपना दिल और आत्मा लगा दी। अपने असाधारण गर्मजोशी भरे स्वभाव, ग्राहक सेवा और कार्य नैतिकता के लिए उनकी अलग पहचान थी। होटल उद्योग में एक वरिष्ठ प्रबंधन पद तक पहुंचने का उनका सपना पूरा हो गया था।

# हिजबुल्ला ने इस्राइली नागरिकों को दी चेतावनी, रिहायशी इलाकों में फौजी ठिकानों से दूर रहें

**बेरूत।** लेबनान के उग्रवादी संगठन हिजबुल्ला ने इस्राइली नागरिकों को चेतावनी जारी की है। हिजुबल्ला ने इस्राइली नागरिकों से इस्राइली सेना के ठिकानों से दूर रहने की सलाह दी है। हिजबुल्ला ने आरोप लगाया है कि इस्राइली सेना उत्तरी सीमा पर रिहायशी इलाकों में अपने बेस बनाकर तैनात है। ऐसे में हिजबुल्ला ने इस्राइली नागरिकों को रिहायशी इलाकों में कथित तौर पर मौजूद फौजी ठिकानों से दूर रहने को कहा है ताकि वे सुरक्षित रहें।

हिजबुल्ला ने अरबी और हिब्रू भाषा में जारी किए बयान में कहा कि 'इस्राइली सेना घरों का इस्तेमाल कर रही है और उन्होंने हाइफा, टिबरिस और एक्रे जैसे बड़े शहरों के रिहायशी इलाकों में मिलिट्री बेस बनाए हुए हैं।' हिजबुल्ला द्वारा इस्राइल पर मिसाइलों और रॉकेट से हमले किए जा रहे हैं।

**इस्राइल ने भी जारी की लेबनान के लोगों के लिए चेतावनी :** वहीं इस्राइली सेना ने भी लेबनान के लोगों को चेतावनी जारी की है। इस्राइली सेना ने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला जारी रखते हुए लेबनानी नागरिकों को दक्षिणी क्षेत्र में अपने घरों की तरफ न लौटने की चेतावनी दी। गौरतलब है कि इस्राइली सेना द्वारा लगातार बेरूत और उसके आसपास के इलाकों में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमले किए जा रहे हैं।

इस्राइली हमलों में अब तक लेबनान में 1200 लोगों की मौत हो चुकी है और लाखों लोग अपने घरों को छोड़कर विस्थापित जीवन जी रहे हैं।

# दुनिया को लड़कियों के लिए बेहतर बनाने की जरूरत

## शिक्षा की कमी से 2030 तक 10 खरब डॉलर का नुकसान



**संरा.।** संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक व सामाजिक परिषद झ्र एउडरडउ की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का आयोजन एउडरडउ के अध्यक्ष बॉब राए ने किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं और लड़कियों को समान अधिकार मिलने चाहिए और संयुक्त राष्ट्र इसके लिए प्रतिबद्ध है। बॉब राए ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वो दुनिया में परिवर्तन करने के लिए एक ठोस आवाज बनें। एउडरडउ की इस वर्ष की थीम है झ्र 'भविष्य के लिए लड़कियों की भविष्यदृष्टि', इसमें दुनिया भर में लड़कियों की आवाजों को तत्काल महत्व देने की अपील की गई है।

### लड़कियां वैश्विक संकटों से ज्यादा प्रभावित

यूएन प्रमुख एंटोनियो गुटेरस ने इस दिवस पर अपने सन्देश में कहा है कि दुनिया भर में लगभग 1.1 अरब लड़कियों की सम्भावनाएं अपार हैं, लेकिन हम जैसे-जैसे टिकाऊ विकास लक्ष्यों की समय सीमा 2030 के नजदीक पहुँच रहे हैं, तो दुनिया लड़कियों की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर पा रही है। लड़कियों की आज की पीढ़ी, जलवायु, युद्धों व टकरावों और निर्धनता जैसे वैश्विक संकटों से अनुपात से कहीं ज्यादा प्रभावित है। इन संकटों ने उनकी जिंदगियों, उनकी पसन्द व प्राथमिकताओं के साथ-साथ उनके भविष्यों के लिए भी जोखिम उत्पन्न कर दिया है।

**शिक्षा व बाल विवाह :** यूएन महिला संस्था वठहर्ङ्मेल्ल के अनुसार, दुनिया भर में लगभग 11 करोड़ 93 लाख लड़कियां, स्कूली शिक्षा से वंचित हैं, और करीब 39 प्रतिशत युवतियां, हायर सेकेंडरी स्तर की शिक्षा पूरी नहीं कर पाती हैं। संयुक्त राष्ट्र के शैक्षिक और सांस्कृतिक संगठन झ्र वठएरउड ने अक्टूबर के आरम्भ में कुछ आंकड़े जारी किए जिनमें दशार्या गया कि लड़कियों की शिक्षा प्राप्ति में मौजूद इस इस खाई से होने वाला नुकसान, वर्ष 2030 तक, 10 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँच सकता है। इस बीच, बाल विवाह भी एक अहम मुद्दा बना हुआ है। बाल विवाह को रोकने के लिए अगर आज से भी शुरूआत की जाए तो भी इसे पूरी तरह खत्म करने में 68 वर्ष का समय लग सकता है।

संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक व सामाजिक मामलों के विभाग झ्र ऊएरअ के अनुसार, वर्ष 2024 में 47 लाख बच्चों का जन्म ऐसी महिलाओं से हुआ है जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम उम्र थी। और इनमें से भी लगभग 3 लाख 40 हजार बच्चे ऐसी माताओं से जन्म जिनकी आयु 15 वर्ष से कम थी। यूएन प्रमुख एंटोनियो गुटेरस ने कहा है, 'लड़कियों के पास पहले से ही एक ऐसी भविष्यदृष्टि मौजूद है जिसमें वो खुशहाल रह सकती हों। उन्हें इस समय जरूरत इस बात की है कि उनकी आवाजों को सुना जाए और उनकी महत्वाकांक्षाओं को समर्थन दिया जाए।'

# 'हम ऐसे हमलों को बर्दाश्त नहीं करेंगे', इस्राइली हमले पर भड़का फ्रांस, राजदूत को भेजा समन



**पेरिस।** लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक मुख्यालय पर इस्राइली हमले पर फ्रांस ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। फ्रांस ने कहा है कि वह शांति सैनिकों पर हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगा। फ्रांस ने इसे लेकर पेरिस में मौजूद इस्राइली राजदूत को समन किया है और घटना को लेकर नाराजगी जाहिर की है। यूएन शांति सैनिक मुख्यालय पर हुए इस हमले में इंडोनेशिया के दो शांति सैनिक घायल हुए हैं।

### फ्रांस ने दी चेतावनी

फ्रांस ने यूएन शांति मुख्यालय पर हमले को अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन बताया है और कहा कि इस्राइल को अपने इस कदम पर विचार करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि इस्राइल ने कथित तौर पर यूएन शांति सैनिक मुख्यालय के वॉच टावर पर गोलीबारी की, जिसमें दो सैनिक घायल हो गए। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने मार्च 1978 में इस्राइल-लेबनान युद्ध के बाद लेबनान में शांति सैनिकों को तैनात करने का फैसला किया था। यह यूएन शांति सैनिक मुख्यालय लेबनान और इस्राइल को अलग करने वाली ब्लू लाइन पर स्थित है और अगस्त में ही सुरक्षा परिषद के अध्यादेश को अगले एक साल के लिए नवीनीकृत किया गया था।

**शांति सेना के प्रमुख ने किया आगाह :** जर्मनी ने भी इस्राइल के शांति सैनिक मुख्यालय पर हमले की कड़ी निंदा की थी और कहा था कि यह हमला युद्ध अपराध की श्रेणी में आ सकता है। संयुक्त राष्ट्र की शांति सेना में विभिन्न देशों के करीब 10 हजार सैनिक शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र शांति सेना के प्रमुख जीन पियरे लैक्रोइक्स ने भी चेतावनी दी है कि इस्राइल की जमीनी घुसपैठ की वजह से संयुक्त राष्ट्र शांति सेना की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि गुरुवार को घनी आबादी वाले बेरूत इलाके में इस्राइली हमलों में कम से कम 22 लोग मारे गए और लगभग 117 घायल हो गए।

### भारत ने भी जताई चिंता

भारत ने भी शुक्रवार को शांति सैनिकों पर हमले पर चिंता जाहिर की और कहा कि संयुक्त राष्ट्र परिसर की अखंडता का सभी को सम्मान करना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों की सुरक्षा और उनके जनादेश की पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए उचित उपाय किए जाने चाहिए।

आयरलैंड के प्रधानमंत्री सिमोन हैरिस ने भी शांति सैनिकों पर हमले को लेकर चिंता जाहिर की है और इस्राइल से अपील की कि वे सुनिश्चित करें कि फिर से ऐसी घटना न हो। दस हजार शांति सैनिकों में से 347 आयरिश सैनिक हैं, जो लेबनान में तैनात हैं। हालांकि इस्राइली हमले में किसी आयरिश सैनिक के घायल होने की खबर नहीं है।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली सेक्टर-1 स्थित हनुमान मंदिर में स्पर्श सोसाइटी और डबल हेलीकल के द्वारा एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 400 से अधिक मरीजों की जांच की गई एवं निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। शिविर में ब्लड शुगर, हड्डियों में कैल्शियम की जांच , नजर की जांच, ईसीजी की सुविधा मरीजों के लिए निशुल्क उपलब्ध थी। इस अवसर पर डॉ. सचिन भार्गव, डॉ. करिश्मा तिवारी , डॉ. विनय अग्रवाल, सदफ निजामी, नीलू सक्सेना, राखी सिंह, संजीव, मुकेश , अमरीश तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# दशहरे पर तीनों जोन में तैनात रहे अग्निशमन विभाग के अधिकारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** शनिवार को विजयदशमी के पर्व पर किसी प्रकार का कोई अग्नि हादसा ना हो। कहीं पर हालात बेकाबू ना हों, उसको ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले सिटी, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन में जहां-जहां रामलीला मैदान में पुतला दहन होना था, वहां अग्निशमन विभाग के अधिकारियों और फायर स्टेशन के प्रभारी के साथ फायर टेंडर लगाए गए थे ताकि किसी प्रकार की जनहानि ना हो। इसके साथ ही दोपहर बाद से ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पॉल शनिवार को देर रात तक अधिकारियों के साथ निकले और उन्होंने अलग-अलग रामलीला मैदान में लगे पुतलों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान फायर टेंडर की यूनिटों को भी उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## रावण दहन के दौरान लगाए गए थे फायर टेंडर

### सीएफओ व एफएसओ रहे ऑन फील्ड







### राज नगर एक्सटेंशन से लेकर कवि नगर तक तैनात किए गए थे फायर टेंडर यूनिट

**करंट क्राइम ।** सीएफओ राहुल पाल ने जानकारी दी है कि पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले तीनों जोन में बड़ी संख्या में रामलीला मैदान हैं। रामलीला मैदान में किसी प्रकार का कोई हादसा ना हो, आग से किसी प्रकार की जनहानी ना पहुंचे, इसके मद्देनजर रामलीला मैदान घंटाघर, रामलीला मैदान कवि नगर, रामलीला मैदान इंदिरापुरम, रामलीला मैदान क्रॉसिंग रिपब्लिक, विजयनगर रामलीला मैदान, संजय नगर, थाना टीलामोड़, मुरादनगर, मोदीनगर, लोनी तिराहा, शनि चौक साहिबाबाद, राज नगर और राज नगर एक्सटेंशन में रावण दहन कार्यक्रम स्थलों पर अग्नि सुरक्षा की दृष्टि से फायर टेंडर की यूनिट तैनात की गई थीं।

### सभी फायर स्टेशन देर रात तक रखे गए अलर्ट मोड पर

**करंट क्राइम ।** आग से कोई जनहानी ना हो, कोई बड़ा हादसा न होने पाए। इसको ध्यान में रखते हुए मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने जनपद के सभी फायर स्टेशन के प्रभारियों और वहां के स्टाफ को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए थे। साथ ही पुलिस कंट्रोल रूम से भी सभी को संपर्क में रखा गया था कि सभी जगह ही स्थिति कंट्रोल में रहे।

# इंडियन बैंक सदा व्यापारियों के साथ : सुधांशु गौड़



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इंडियन बैंक के नोयडा मंडल द्वारा गाज़ियाबाद जनपद के लघु एव मध्यम व्यापारियों के लिये एक बैठक का आयोजन शुक्रवार को पटेल नगर शाखा गाज़ियाबाद में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंडियन बैंक के नोयडा मंडल के मंडल प्रबंधक नीलमणि भारद्वाज द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में मेरठ परिक्षेत्र के क्षेत्र महाप्रबंधक सुधांशु गौड़ ने व्यापारियों से बैंक की योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की और व्यापारियों से उनकी ऋण आवश्यकताओं के बारे में जाना और मौके पर 50 करोड़ के नये ऋणों को स्वीकृति प्रदान की। साथ ही व्यापारियों को ऋण प्रक्रिया आसान करने का पूर्ण आश्वासन दिया एवम् उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मंडल प्रबंधक नीलमणि भारद्वाज ने बताया कि इंडियन बैंक विगत 118 वर्षों से देश की सेवा में है और व्यापारियों की सेवा के लिये पूर्णतया प्रतिबद्ध है। सहायक महाप्रबंधक राजीव कुमार ने समस्त व्यापारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रवीण शर्मा ,वैशाली भार्गव , विकाश कुमार ,कृतिका पाल पुरी , बिंदु ,आशुतोष मेहरोत्रा ,राहुल वर्मा ,विकास सागर ,वैभव संधवार,विपिन सैनी आदि बैंक अधिकारी उपस्थित रहे।

# रामनवमी पर कन्या पूजन एवं भंडारे के साथ नवरात्रि महोत्सव सम्पन्नः महंत गिरिशानन्दगिरि महाराज





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ श्रीबाला त्रिपुर सुन्दरी देवी मंदिर दिल्ली गेट में 9 दिवसीय चल रहें हवन एवं श्री शत्चंडी महायज्ञ में सैकड़ों भक्तों ने पंडितों द्वारा मन्त्रोउच्चारण के साथ हवन में आहुतियां देकर महंत गिरीशानंद गिरि महाराज ने पुर्णावति की गई। देवी मंदिर के महंत गिरीशानंद गिरि महाराज ने बताया कि 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक सभी मंदिरों में पूजा- अर्चना की गई। प्राचीन सिद्ध पीठ श्रीदुधेश्वरनाथ मंदिर में भी कन्या पूजन एवं विशेष पूजा अर्चना एवं हवन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने आहुति दी एवं भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। जिसमें भव्य पंखा शोभायात्रा निकाली गई जिसमें शहर के विभिन्न हिस्सों से डासना गेट रमतेराम रोड, गंज राइट, गंज जीटी रोड, कीर्तन वाली गली, बजरिया, घंटाघर, चौपला मंदिर से नवयुग मार्केट होती हुए पुनः देवी मंदिर पहुंची। जहां पर भक्तों ने भव्य स्वागत एवं आरती पूजन किया। इसमें घोड़े रथ बैंड बाजे तासे आदि सैकड़ों भक्तों एवं श्रद्धालुओं कि मौजूदगी में पंखा शोभायात्रा धुमधाम से निकाली गई। रामनवमीं पर विशेष पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ मंदिर को फूलों से सजाया गया देवी मां भव्य चित्र के साथ भक्तों ने पुजा अर्चना की गई। भक्तों ने हलुआ-पूड़ी के का प्रसाद ग्रहण किया गया। नवरात्रि के अवसर पर देवी मंदिर से शुक्रवार दोपहर 2 बजे से भव्य पंखा शोभा यात्रा भी निकाली गयी। जो शहर विभिन्न मार्ग से होते हुए निकाली जो देवी मंदिर से दिल्ली गेट पहुंची तथा मंदिर का प्रसाद ग्रहण किया। जो श्री दूधेश्वर मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज के आशीर्वाद से नवरात्रि महोत्सव धूमधाम सम्पन्न हुआ। ने नवरात्रि पर माता रानी आशीर्वाद प्राप्त किया। मीडिया प्रभारी एस आर सुथार ने बताया पिछले कई वर्षों से लगातार रामनवमी वाले दिन एक विशाल भंडारे का आयोजन जाता है। जिसमें गाजियाबाद के व्यापारी भक्तगण एवं श्रद्धालु इका होकर प्रसाद बांटते हैं एवं ग्रहण करते हैं। इस मौके अनेक साधु महात्मा एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जिसमें शिव मंदिर पटेल नगर के महंत विजय गिरी महाराज, गाजियाबाद नगर निगम महापौर सुनीता दयाल, पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, कोतवाली एसीपी रितेश त्रिपाठी, कोतवाली एसएचओ, रूप गिरी महाराज, रमेशानन्द गिरी जी महाराज ,दूधेश्वर मंदिर, योगेंद्र सिंह, राहुल तंवर, सुनील नागर, पुनीत शर्मा, दूधेश्वर मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष विजय मित्तल, संजीव शर्मा बीजेपी महानगर अध्यक्ष, साध्वी गिरजानंदानी, पंडित महेश चंद वशिष्ठ, सतवीर चौधरी, डंडा गुरु ,आदि सैकड़ों श्रद्धालु भक्तगण मौजूद रहे।

# विजयदशमी और आरएसएस के वार्षिक उत्सव शस्त्र पूजन और पथ संचलन का आयोजन, मार्च में लोगों ने की फूलों की बरसात





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के विजयनगर इलाके में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वार्षिकोत्सव व विजयदशमी के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शस्त्र पूजन और पथ संचलन का कार्यक्रम रखा। इस दौरान पथ संचलन पर लोगों ने पुष्प वर्षा की। स्वयंसेवकों ने केशव बलिराम हेडगेवार के आदर्श पर चलने का प्रण लिया। राष्ट्रीय स्वमंसेवक के हरनंदी महानगर के युधिष्ठिर भाग में शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने समरसता के साथ पद से पद मिलाकर घोष की मधुर ध्वनि पर संचलन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में उपस्थित होकर पथ संचलन में भाग लिया।

इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य व्यक्ति और मातृ शक्ति उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में हरनंदी महानगर के सहकार्यवाह सर्वेश ने स्वयंसेवकों से डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार केआदर्शों पर चलने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा की जो आदर्श डॉक्टर हेडगेवार ने बनाए है इस पर चलने से ही हिंदू समाज का भला होगा। साथ ही साथ उन्होंने पंच परिवर्तन के द्वारा समाज में परिवर्तन लाने का आह्वान किया। अपने उद्बोधन में आगे कहा की साथ ही सामाजिक समरसता पर विशेषतः ध्यान देना है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हरनंदी महानगर के कार्यवाह अमरदीप, महानगर प्रचारक ललित शंकर, महानगर सह संघ चालक जितेंद्र, भाग संघचालक अशोक, यतेंद्र, सेवा भारती प्रवेंद्र शेखावत क्षेत्रीय अध्यक्ष हिन्दू जागरण मंच विवेक प्रान्त कार्यकारणी सदस्य विश्व हिन्दू परिषद वीर कमल, भाग प्रचारक आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में स्वमं सेवको की कुल संख्या 400 रही।

# धू-धू कर जल उठे बुराई का प्रतीक रावण, कुंभकरण, मेघनाद के पुतले







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** दशहरा पर्व पर बुराई का प्रतीक रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतले धू-धू कर जल उठे। साहिबाबाद में वसुंधरा सेक्टर-7 व शिप्रा सनसितज ग्राउंड वैशाली सेक्टर तीन लाजपतनगर, भोपुरा, बृज विहार, चन्द्रनगर न्यायखण्ड में दशहरा पर मेले का आयोजन हुआ। राम-रावण युद्ध देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए, ओर सभी में भी रावण दहन हुआ। लगभग दर्जनो स्थानों पर आयोजित होने वाली रामलीलाओं में रावण, मेघनाद, कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया गया। रावण का पुतला जलते ही सभी रामलीलाएं जय श्रीराम राम के जयघोष से गुंजायमान हो उठीं। रामलीलाएं देर रात तक दर्शकों से खचाखच भरी रहीं। उधर प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला समिति वसुंधरा द्वारा चल रही रामलीला में आज 13वें दिन के मंचन में रावण वध एवं पुतला दहन का मंचन हुआ ' 65 फीट उंची रावण का पुतला आकर्षक रहा और श्रद्धालुओं की भीड इसे देखने के लिए उमड़ पडी जैसे ही लक्ष्मण की मूर्छा टूटने का समाचार रावण के दरबार में आया तो रावण बहुत क्रोधित हुए और उसका वध करने के लिए अपने भाई कुंभकरण के पास गए। छह महीनों से गहरी नींद में सोये कुंभकरण को नींद से उठाया जाता है। इसके बाद रावण कुंभकरण को राम से युद्ध करने की बात कहते है। इस बीच रावण व कुंभकरण के बीच बड़े ही मार्मिक संवाद होते है। कुल की शान रखने के लिए कुंभकरण युद्ध में जाता है और भगवान राम के हाथों उसका वध हो जाता है। इसके बाद रावण पुनः मेघनाथ को युद्ध में भेजते है और इससे पहले मेघनाथ अपनी कुल देवी की पूजा करने जाता है। लीला का समापन रावण दहन के साथ सम्पनन हुआ जिसमे 65 फीट का रावण , 60 फीट उंची कुंभकर्ण और 55 फीट उंची मेघनाथ के पुतला का द्रोण हुआ। इस अवसर पर रामलीला समिति के चेयरमैन पंडित नरेंद्र भारद्वाज,महेश भारद्वाज ,सुशील उपाध्याय ,सुरेंद्र भारद्वाज, मनोज भारद्वाज, बिना सेंगर, इंद्रपाल प्रधान, नितिन यादव, गिरीश शर्मा, अमित किशोर आदि लोग मौजूद रहे। उधर लाजपत नगर के रामलीला मैदान में रामायण कला संगम समिति के द्वारा विजयादशमी बड़े धूमधाम से मनाई गई। रावण के पुतले की ऊंचाई 55 फीट, कुंभकर्ण के पुतले की ऊंचाई 50 फीट और मेघनाद के पुतले की ऊंचाई 45 फीट है. जब भगवान श्री राम बुराई पर अच्छाई की विजय पा लेते हैं रावण को अपने तीर से मार देते हैं उसके बाद रावण दहन का कार्य किया जाता है रावण को मारकर प्रभु श्री राम ने सभी को बताया की बुराई पर हमेशा अच्छाई की जीत होती है। रामायण कला संगम समिति के अध्यक्ष बिक्रम सिंह बैसला ने सभी मथुरा से आए कलाकारों को पुरस्कार देकर शुभकामनाएं दी एवं इतना सुंदर रामलीला करने पर धन्यवाद दिया। चन्द्रनगर रामलीला में भी रावण का दहन किया गया रीता सिंह ने कहा कि शनिवार को विजयदशमी के अवसर पर चल रही रामलीला का सोसायटी के बच्चो द्वारा ही मंच किया गया।

# घरों का ताला तोड़कर चोरी करने वाले 3 गिरफ्तार सोने-चांदी का सामान बरामद, 44 मामले हैं दर्ज



**नोएडा।** नोएडा में पुलिस सेक्टर 20 ने तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। वे घरों की रेकी करते थे। इसके बाद ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। उन्होंने कई घरों में चोरी की थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीनों की पहचान की। उसके बाद उन्हें दबोच लिया।

मुखबिर से पुलिस को मिली थी सूचना पुलिस ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों की पहचान अक्षय, सोनू और विशाल के रूप में हुई है। इसमें अक्षय पर 20, विशाल पर 18 और सोनू पर6 मुकदमे दर्ज हैं। इन तीनों ने मिलकर थाना सेक्टर-39,49 और 20 क्षेत्र में कई घरों में चोरी की। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि ये लोग सेक्टर-27 में किसी घर पर चोरी करने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने सेक्टर-27 तिकोनिया पार्क के शौचालय के पास से तीन आरोपियों को पकड़ लिया। इनका एक साथी भोला मौके से फरार हो गए। इनके कब्जे से सोने व चांदी के आभूषण, 06 चांदी के सिक्के, मंगल सूत्र, 36,610 रुपए नकद, 2 अवैध तमंचे .315 बोर व 2 जिन्दा कारतूस .315 बोर व 01 अवैध चाकू बरामद किया गया।

# शास्त्री नगर में पानी की ट्यूबेल का फीता काट कर हुआ लोकार्पण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड नम्बर 17 शास्त्री नगर में बोर्ड फंड से जीर्णोद्धार हुई फफराना बस्ती में बाबा साहब अम्बेडकर भवन व पानी की टुबेल का शनिवार को नगरपालिका अध्यक्ष विनोद जाटव वैशाली और वार्ड सभासद प्रदीप शर्मा ने फीता काट कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगपाल सिंह ठेकेदार ने की और कार्यक्रम का संचालन पूर्व सभासद कमल प्रकाश ने किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद जाटव वैशाली ने कहा कि नगरपालिका बिना भेदभाव के सम्पूर्ण शहर में विकास कार्य कर रही है। एक वर्ष में शहर की सफाई व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है, पथ प्रकाश की उत्तम व्यवस्था की गयी, हर घर तक पानी पहुंचे ऐसी व्यवस्था की जा रही है और टूटी सड़कों को नया बनाया जा रहा है। इस मौके पर सभासद प्रदीप शर्मा ने चैयरमैन साहब के काम की सरहना की और कहा कि मुझे अपने वार्ड को आदर्श वार्ड बनवाना है जो वार्ड वासियों के सहयोग के बिना सम्भव नहीं है। सभी को साथ लेकर वार्ड की सभी समस्याओं का समाधान कराया जायेगा। इस मौके पर शिवचरण सिंह, राजेंद्र पूर्व सभासद, हेमलता पूर्व सभासद, अविनाश कुमार, वीर सिंह, धर्मपाल, जोगेन्द सिंह, मदन मोहन बिन्दल, महावीर सिंह, जीतन, अरविन्द, कपिल कुमार, राघवेन्द्र दरोगा, महेंद्र गुर्जर आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।





## दैनिक करंट क्राइम पोर्ट्रेट ऑफ द डे



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव के जन्मदिन पर सहकारिता क्रय विक्रय सहकारी समिति चैयरमैन वीरेंद्र सारस्वत, पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष तथा राजनगर से निगम पार्षद प्रवीन चौधरी ने उन्हें जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी। उनकी लंबी आयु उत्तम स्वास्थ और यशस्वी जीवन की कामना की ।